दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 259 टोंक | सोमवार,02 जून, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2082 |भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

## खुशखबर : 172 साल बाद रेलवे में बड़ा बदलाव, स्लीपर कोच में मिलेगी हैंड वॉश की सुविधा

### रेलवे ने जारी किया आदेश, देशभर की 12 हजार से ज्यादा ट्रेनों के स्लीपर कोच में मिलेगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** देशभर के रेल यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। भारत में ट्रेन चलने की शुरूआत के 172 साल बाद रेल मंत्रालय ने करोड़ों यात्रियों की सुविधा के लिए नियम में अहम बदलाव किया है। ये बदलाव स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए किया गया है और जल्द ही देशभर में चलने वाली 12 हजार से ज्यादा ट्रेनों के स्लीपर कोचों में सफर करने वाले यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा ।

**स्लीपर कोच में भी हैंड वॉश की सुविधा**

ट्रेनों में अब तक एसी डिब्बे में यात्रा करने वाले यात्रियों को ही वॉशरूम में हैंड वाश की सुविधा मिलती थी, लेकिन अब नए नियम में स्लीपर या शयनयान डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी यह सुविधा मिलेगी। इसके लिए रेलवे मंत्रालय ने निर्णय ले लिया है व रेलवे बोर्ड ने अधिकृत आदेश जारी कर दिए हैं। देशभर में चलने वाली 12 हजार से अधिक यात्री ट्रेन के 264000 स्लीपर कोच में नई सुविधा जून माह से मिलना शुरू हो जाएगी।

**रेलवे बोर्ड से जारी हुआ आदेश**

रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड निदेशक अजय झा ने इस संबंध में देश के सभी जोनल रेलवे को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश अनुसार ओबीएचएस यानी ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग की तरफ से ट्रेन के स्लीपर कोच में स्वच्छता की जाती है। अब उनकी तरफ से ही हैंड वॉश की सुविधा भी दी जाएगी। रेल मंडल में भी वरिष्ठ कार्यालय के जारी आदेश का पालन किया जाएगा।

## टोंक में तीसरे दिन मौसम में रही नमी : लोगों को गर्मी से मिली राहत, तापमान में आई गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक जिले में शुक्रवार को हुई बारिश का असर रविवार को लगातार तीसरे दिन भी देखने को मिला। हवा में नमी बनी रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है। ऐसे में अधिकतम तापमान भी 24 घंटे में 2 डिग्री सेल्सियस गिरने के आसार है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 2 डिग्री सेल्सियस गिरा है। अधिकतम तापमान 24 घंटे में 2 डिग्री गिरकर 39 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार बने हुए है। वहीं न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस गिरा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस था। तापमान के गिरने से लोगों को उमस और गर्मी से काफी राहत मिली हुई है। उधर खेती किसानी में भी किसानों ने तेजी ला दी है। किसान जुताई में जुट गए हैं। किसानों का मानना है कि इस बारिश से खेतों नमी बन गई है।। इससे किसानों को काफी फायदा मिलेगा। ज्ञात रहे कि मौसम विभाग ने रविवार को 18 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। वहीं, 9 जिलों में गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया इसके चलते शाम तक हल्की बारिश हो सकती है। इससे किसानों के लिए हंकाई-जुताई हो सकती है।



## अवैध वाहनो की जांच से मचा हड़कम्प

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा पुलिस वृताध्किाकारी बीति देर रात्रि पुलिस वृत क्षैत्र के होटलो व ढाबो के बाहर खड़े बिना नम्बरो व वाहनो की खिड़कियो पर लगी काली फिल्म वाले वाहनो की जांच से हड़कम्प मच गया। वृताधिकारी आशिष प्रजापत बीति रात्रि पुलिस जाप्ते के साथ वृत क्षैत्र के होटलो व ढाबो के बाहर खड़े अवैध वाहनो की जांच की। इस जांच के बाद क्षैत्र में हड़कम्प मच गया। इस दोरान वृताधिकारी प्रजापत ने बिना नम्बरो व खिड़कियो पर लगी काफी फिल्मो के वाहन मालिको को हिदायत दी। साथ ही निर्देश दिए कि वाहनो पर परिवहन विभाग की ओर से जारी नम्बर स्पष्ट लिखवायें। साथ ही नियमो के विरूद्ध वाहनो की खिड़कियो पर काली फिल्मे न लगावें। इसके अलावा वाहन मालिक सभी नियमो का कड़ाई से पालन करे।

## रणथंभौर : फिर जंगल से बाहर आया बाघ, मची अफरा-तफरी, जेसीबी पर चढ़कर किया ट्रेंकुलाइज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर बाघ परियोजना में एक बार फिर टाइगर ने जंगल से बाहर कदम बढ़ाए हैं। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह शेरपुर हेलिपैड के पास एक बाघ नजर आया। इससे एक बार तो अफरा-तफरी मच गई। हालांकि सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघ को ट्रेंकुलाइज किया।

**जेसीबी पर चढ़कर किया बाघ को ट्रेंकुलाइज**

वन अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात से ही इलाके में बाघ का मूवमेंट बना हुआ था। सुबह करीब साढ़े छह बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रेकिंग शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग की ओर से बाघ को ट्रेंकुलाइज किया। इससे वन विभाग और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार बाघ झाड़ियों में बैठा हुआ था।

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार नकद पुरस्कार देकर करेगा सम्मानित

### 10 बोर्ड परीक्षा में छात्रा रिद्धमा जारोलिया ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक

बढ़ता राजस्थान




**निवाई ( का.स. )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के दसवीं बोर्ड के जारी परीक्षा परिणाम में आदर्श उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर शिवाजी कॉलोनी की छात्रा रिद्धमा जारोलिया ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा ने बताया कि वह प्रतिदिन 5 घंटे नियमित अध्ययन, मोबाईल से दूरी, माता पिता व गुरूजनों के आशीर्वाद से यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहनलाल स्वामी ने बताया कि कुल 84 छात्र-छात्राओं में से 73 छात्र प्रथम श्रेणी व 11 छात्रों ने द्वितीय प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि छात्रा दिव्या वर्मा ने 95 प्रतिशत, हरिओम शर्मा ने 94.67 प्रतिशत, मानसी राजवंशी ने 92.83 प्रतिशत, दिक्षांत ने 92.33 प्रतिशत, विजेन्द्र चौधरी ने 91.17 प्रतिशत, कोमल शर्मा ने 90.83 प्रतिशत, रितेश मीणा ने 90 प्रतिशत, अक्षय चौधरी ने 89.67 प्रतिशत, अलमेषा सैनी 89.67 प्रतिशत, अनुज कुमार बैरवा ने 89 प्रतिशत, रोनक मीणा ने 88.83 प्रतिशत एवं शंकरलाल जांगिड़ ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। विद्यालय सचिव रामकृष्ण स्वामी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 21 हजार व 11 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। सभी प्रतिभाओं का विद्यालय परिवार द्वारा माला पहनाकर मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, कोषाध्यक्ष अनुसुया स्वामी, सचिव रामकृष्ण स्वामी, व्याख्याता आशाराम मीणा, रामफूल सैनी, सीताराम जाट, कृष्णावतार, ओमप्रकाश व देवनारायण स्वामी सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## ई मित्र संचालक पुलिस हिरासत में, मामले की जांच जारी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर के ट्रक स्टेण्ड क्षेत्र में संचालित ई मित्र संचालन केन्द्र के मालिक फरीद पुत्र बाबू खां निवासी मालपुरा को चार दिन के पुलिस हिरासत में लेकर मामले की गहन जांच जारी है। मालपुरा पुलिस थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा ने बताया कि ई मित्र संचालन केन्द्र का औचक निरीक्षण के बाद जो सामग्री मिली उसके अनुसार संचालक द्वारा काफी हेराफेरी व गड़बड़ की जा रही थी। उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के औचक निरीक्षण के बाद आरोपी संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। साथ ही अदालत में पेश कर चार दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया। जानकारी में आया है कि ई मित्र केन्द्र संचालक फरीद को केन्द्र आवंटन के बाद शिकायतो के आधार पर केन्द्र की दो बार आाई डी बंद की गई थी। लेकिन आरोपी अन्य ई मित्र केन्द्र संचालको की आईडी से अपना केन्द्र संचालित करने की बात सामने आई है। पूछताछ व जांच में कई चौकाने वाले तथ्य सामने आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। आरोपी फरीद के यहां राष्ट्रीय दस्तावेजो के दुरूपयोग, फर्जी पेंशन, फर्जी आधार कार्ड, व फर्जी राशन कार्ड बनाने के बदले मोटी रकम वसूलने की जानकारी भी सामने आई है। आरोपी फरीद के खिलाफ नगरपालिका मालपुरा के कार्मिको की दो अलग अलग रिपोर्ट के आधार पर मामला बना कर गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। थानाधिकारी बेड़ा ने बताया कि पुलिस अब आरोपी को सहयोग करने वालो को थाने में बुलाकर पूछताछ कर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## डॉ. के. एन. मोदी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का किया नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** आरबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में डॉ. केएन मोदी पब्लिक स्कूल निवाई के कक्षा 10वीं के छात्र दिव्यांश पांचाल ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके निवाई का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या ने बताया कि डॉ केएन मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी दिव्यांश ने 91.33 प्रतिशत, चित्राक्षी ने 82.67 प्रतिशत, सत्यव्रत ने 81 प्रतिशत, विजय ने 78.35 प्रतिशत व रामराज ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। इस दौरान डॉ केएन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्रकुमार मोदी ने सभी विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने समर्पित शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का आधार बताया। यह परिणाम संस्था की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था, अनुशासित वातावरण व योग्य शिक्षकों के निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि संस्था के विद्यार्थियों की सफलता नगर के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रही है। विद्यालय परीक्षा परिणामों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है और नैतिक मूल्यों व समग्र विकास के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जल मंदिर स्थापित किया

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** स्थानीय मानव सेवा संकल्प संस्थान के तत्वधान मे आयुर्वेदिक औषधालय में जलमंदिर (वाटर कूलर) लगाया गया है। संस्था सचिव सुमित गौतम ने बताया की सोमवार को को प्रातः 10 बजे मानव सेवा संकल्प संस्थान देवली के तत्वधान मे जल मन्दिर का उद्घाटन किया गया। जिसमें संस्थान के सभी पदाधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि श्रीमती डॉक्टर ललिता मीणा रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोहर लाल जैन ने कि। संस्थान के महामंत्री अशोक कुमार दुबे ने जल मन्दिर हेतु दिए गए सहयोग के लिए भामाशाह हरमुख राय जैन,कमल कुमार जैन,प्रमोद गोयल,मनोज शर्मा (रीको),निहाल सेठी,सीरज शाहू,आतिश मंगल,महावीर वास्ता, पदम बडजात्या,बनवारी मंगल आदि का माला पहना कर, सभी का स्वागत किया स्वागत । संस्था के अध्यक्ष प्रेमचन शर्मा द्वारा उपस्थित प्रबुद्ध जनों को संस्थान के कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान किया।एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्स पी एल जांगिड़, राजकुमार कोठारी,नेमकुमार सुराणा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा,राजू भाई,किशन मित्तल, सुमित गौतम,उपाध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, राकेश ओसवाल,विनोद शाहू सहित इत्यादि उपस्थित उपस्थित रहे।

## एसटी कमीशन-मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं कर रही सरकार

### आदिवासी परिषद के प्रदेशाध्यक्ष बोले- न्याय नहीं मिला तो समरावता न्याय यात्रा निकालेंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** अखिल भारतीय आदिवासी परिषद राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष केसी घुमरिया ने समरावता प्रकरण में न्याय नहीं मिलने पर एक बार फिर सरकार पर जुबानी हमला बोला है। घुमरिया ने समरावता प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग को दोहराते हुए कहा कि सरकार एसटी कमीशन और मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं कर रही है। इससे समरावता प्रकरण के असली दोषी बाहर घूम रहे हैं। नरेश मीणा को बेवजह जेल में डाल रखा है। घुमरिया ने रविवार को टोंक से गुजरते समय मीडिया से बातचीत में कहा कि देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान समरावता गांव में उपद्रव, हिंसा, आगजनी और थप्पड़ कांड हुआ था। इस मामले में स्ज्ञ आयोग, मानवाधिकार आयोग, प्रशासन की गलती की वजह से यह पूरा घटनाक्रम हुआ है। निर्दोष गांव वालों, नरेश मीणा को कानूनी जाल में फंसाया हुआ है। नरेश मीणा को अभी तक छोड़ा नहीं जा रहा है जबकि असली गुनहगार तो बाहर घूम रहे हैं। घुमरिया ने कहा कि सरकार एसटी कमीशन और मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं कर रही है। अब जल्द इस मामले को लेकर राजस्थान के डीजीपी और चीफ सेकरेट्री के साथ पार्लियामेंट्री कमेटी के चेयरमेन से मुलाक़ात कर समरावता और नरेश मीणा कांड को लेकर न्याय की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा की अगर न्याय नहीं मिला तो जल्द समरावता न्याय यात्रा निकाली जाएगी और न्याय की लड़ाई लड़ी जाएगी।

**यह था मामला :** 13 नवंबर 2024 में देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान समरावता (टोंक) गांव के लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार किया था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी मतदान का बहिष्कार करते हुए ग्रामीणों के साथ धरने पर था। इसी दौरान नरेश मीणा ने अधिकारियों पर जबरन मतदान करवाने का आरोप लगाया था। नरेश मीणा पोलिंग बूथ पर आए और उन्होंने स्थ्ररू अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था। हुए बवाल के बाद नरेश को अरेस्ट किया गया था। 15 नवंबर 2024 से वह जेल में है। स्थ्ररू के थप्पड़ मारने के मामले में उसे जमानत मिल गई, लेकिन दूसरे मामले उपद्रव, हिंसा, आगजनी में में उसकी जमनात नामंजूर कर दी।

## जयपुर के लिए एक ओर एसी रोडवेज बस सेवा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजस्थान परिवहन निगम के डीलक्स आगार की ओर से जयपुर भीलवाड़ा के मध्य वातानुकूलित 2 गुणा 2 स्कैनिया (लो फ्लोर) बस सेवा शुरू की गई है ।आगार प्रबन्धक की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि यह बस जयपुर से दोपहर 3.10 पर रवाना होकर सायं 5.10 मालपुरा, 6.40 बजे केकड़ी, रात्रि 8 बजे शाहपुरा होते हुए रात्रि 8.50 बजे भीलवाड़ा पहुंच कर रात्रि विश्राम करेगी। इसके अगले दिन यही बस भीलवाड़ा से प्रातः 6.30 बजे रवाना होकर 7.30 बजे शाहपुरा, 8.30 बजे केकड़ी, 9.45 बजे मालपुरा होते हुए दोपहर 12 बजे जयपुर पहुंचेगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी केकड़ी - जयपुर के मध्य एक वातानुकूलित बस सेवा चल रही है।

## अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त, चालक गिरफ्तार, बरोनी थाना पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे एक डंपर को जब्त किया है एवं चालक को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिह राठौड ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी एवं डीवाईएसपी अरविन्दकुमार के निर्देशन में अवैध बजरी परिवहन व खनन की रोकथाम के लिए संचालित अभियान के तहत थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम में शामिल पुलिस सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, कानि भगवान सहाय, कानि रत्तिराम व चालक अजयराज ने गश्त के दौरान गांव मंडावर के पास से बजरी से भरे एक डंपर (टीपर) को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि चालक बुद्धीराम गुर्जर निवासी घांस थाना सदर टोंक को गिरफ्तार किया गया व उक्त वाहन के चालक व मालिक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अनुसंधान कर रही है।

## वर्षायोग 2025 निवाई में करवाने के लिए आचार्य वर्धमान सागर के चढ़ाया श्रीफल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को बिजोलिया में आचार्य वर्धमान सागर महाराज को आगामी 2025 वर्षायोग निवाई में करवाने के लिए समाजसेवी रमेशचंद गिंन्दोडी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था बिजोलिया के लिए रवाना हुआ।

बिजोलिया पहुंचकर आचार्य वर्धमान सागर महाराज को श्रीफल चढ़ाया। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला व सुनिल भाणजा ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज 36 पिच्छिका धारी को श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बिजोलिया में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने सपरिवार निवाई में वर्षायोग कराने के लिए श्रीफल चढाकर अनुनय विनय की। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, सन्मति चंवरिया हुकमचंद जैन, रमेशचंद गिंन्दोडी, बंटी झांझरी, विमल पाटनी, जयकुमार जैन, मोहित चंवरिया, गोपाल कठमाणा, नवरत्न टोंग्या, मुकेश बनेठा, राकेश संघी, महेन्द्र चंवरिया, सुशील गिन्दोडी, पवन बोहरा, राजेन्द्र सेदरिया, मनोज पाटनी, त्रिलोक हरभगतपुरा, चेतन गंगवाल व हर्षित संघी सहित सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# विश्व समुदाय का विचित्र रवैया, पाकिस्तान की हरकतों पर हैरान क्यों नहीं अमेरिका?

पहलगाम में भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए उसके नौ प्रमुख आतंकी अड्डों को निशाना बनाने और फिर उसके कई एयरबेस ध्वस्त करने की जो कार्रवाई आपरेशन सिंदूर के तहत की, वह अत्यंत साहसिक और पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ा देने वाली रही। भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके बारे में पाकिस्तानी सेना को भारतीय सेना से सीधे बात करनी होगी। मजबूरी में उसने ऐसा ही किया। ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। इससे सिद्ध हो गया कि ट्रंप जो कुछ कह रहे, वह सही नहीं। भारत ने यह साफ करने में भी संकोच नहीं किया कि पाकिस्तान से केवल उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही कोई बात हो सकती है और वह भी तब, जब वह उन आतंकियों को उसे सौंपेगा, जिनकी सूची उसे दी जा चुकी है। भारत ट्रंप की इस बात को भी कोई महत्व देने को तैयार नहीं कि दोनों देशों को व्यापार को प्राथमिकता देनी चाहिए। भारत के कड़े रुख से पाकिस्तान में घबराहट है। पिछले दिनों पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ यह मानने को मजबूर हुए कि भारत की सेना ने उसे इतना बेबस कर दिया कि वह कोई जवाबी कार्रवाई नहीं कर सका। यह स्पष्ट है कि इसके बाद भी आपरेशन सिंदूर पर कई देशों की प्रतिक्रिया अपेक्षित नहीं रही और सबसे चकित कर देने वाली प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति की रही। इससे भारत इस नतीजे पर पहुंच रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार और आतंकवाद को जोड़ने का विचित्र काम करने के साथ पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को देखने के लिए तैयार नहीं। आखिर अमेरिका भारत और पाकिस्तान को एक पलड़े में कैसे रख रहा है और भी तब, जब ट्रंप पाकिस्तान के आतंकी चेहरे से परिचित रहे हैं? भारत इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकता कि सैन्य टकराव के बीच पाकिस्तान को अमेरिकी और अन्य पश्चिमी देशों की नरमी के कारण ही आइएमएफ से कर्ज मिला। नि:संदेह पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब है, पर उसे कोई मदद तब दी जानी चाहिए, जब वह उन शर्तों को पूरा करे, जो उस पर उस समय लगाई गई थीं, जब वह एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में था। यह किसी से छिपा नहीं कि उसने इस लिस्ट से बाहर आने के लिए दिखावे के लिए कुछ आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की और जैसे ही इस लिस्ट से बाहर आया, आतंकियों को पालने और उन्हें भारत में हमले करने के लिए उकसाने लगा। पहलगाम में आतंकी हमला इसका ही नतीजा है। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इससे अनजान नहीं कि पाकिस्तान विदेशी सहायता का इस्तेमाल अपनी आर्थिक बदहाली दूर करने पर नहीं, हथियार खरीदने और आतंकी ढांचे को तैयार करने में करता है। वह भारत के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी भी देता रहता है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 2 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रूस और ऑस्ट्रिया ने 1746 में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
- कैथोलिक विरोधी प्रदर्शनकारियों ने लंदन में पार्लियामेंट पर 1780 में हमला कर दिया।
- अमेरिका में पहली बार मैने प्रांत में मद्यपान निषेध कानून 1851 को लागू किया गया।
- गुगलिएलमो मार्कोनी ने रेडियो को अपने नाम पर पेटेंट कराने के लिये आवेदन 1896 में दिया जो बाद में दो जुलाई 1897 को स्वीकार कर लिया गया।
- एलफ्रेड डेकिन लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री 1909 में चुने गए।
- लार्ड लुई माउंटबेटन ने 1947 को भारत के विभाजन की घोषणा की।
- ब्रिटिश राजगद्दी पर महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय की 1953 में ताजपोशी हुई।
- अमेरिका ने 1966 में अपने पहले ही प्रयास में चांद पर अंतरिक्षयान उतारा।
- माली ने अपना संविधान 1974 में अपनाया।
- उक्रेन अपने अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ ही परमाणु मुक्त देश 1996 को बना।
- दक्षिण एवं उत्तर कोरिया के बीच उच्च स्तरीय वार्ता पर सहमति, भूटान में टी.वी. प्रसारण की शुरुआत 1999 में हुई।
- म्यांमार की जनतांत्रिक नेता आन सांग सूची की गिरफ़्तारी के बाद देश की सभी शिक्षण संस्थाएँ 2003 में बन्द।
- आस्ट्रेलियाई मॉडल जेनिफ़र हॉकिन्स मिस यूनिवर्स 2004 को बनीं।
- भारत, रूस और चीन का ब्लादीवोस्तोक सम्मेलन 2005 में समाप्त हुई।
- अमेरिका ने दाऊद इब्राहीम तथा उसके संगठन पर 2006 को प्रतिबंध लगाया।
- ई-कोलाई बैक्टीरिया के संक्रमण से 2011 को यूरोप में 20 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई और 1600 से अधिक लोग बीमार हो गए।
- भारत सरकार ने 2011 को शहरी क्षेत्रों में झुग्गी झोपडियों से मुक्ति दिलाने और गरीबों को अपने घर का सपना पूरा कराने में सहायता के लिए राजीव गांधी आवास योजना के पहले चरण को मंजूरी दी।
- मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक को 2011 की अरब क्रांति के दौरान प्रदर्शनकारियों की हत्या का आदेश देने के आरोप में उम्रकैद की सजा 2012 में सुनाई गई।
- सन 2014 में आज ही के दिन तेलंगाना भारत का 29 राज्य बने।

### 2 जून को जन्मे व्यक्ति

- 'भारतीय जनता पार्टी' के नेता और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर का जन्म 1930 में हुआ।
- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ अनंत गीते का जन्म 1951 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता-निर्देशकों में से एक मणिरत्नम का जन्म 1955 में हुआ।

## विशेष आलेख

# नक्सली चीफ के मरने पर तुर्की के वामपंथियों का रोना, किस बात का संकेत है?

**सोशल मीडिया पर फिलीपींस के कम्युनिस्ट गुरिल्ला संगठनों और कुछ मानवाधिकार समूहों ने भी भारत की कार्रवाई की आलोचना की है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया में सक्रिय कई लेफ्ट विंग उग्रवादी संगठनों ने भी बसव राजू के समर्थन में बयान दिए हैं। इससे यह पुष्टि होती है कि भारतीय माओवादी संगठनों के अंतरराष्ट्रीय विचारधारात्मक और नैरेटिव कनेक्शन मौजूद हैं।**



रामस्वरूप रावतसरे



नक्सल चीफ बसवराजू की मौत के बाद एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। तुर्की के एक वामपंथी उग्रवादी संगठन ने भारत सरकार की निंदा करते हुए एक वीडियो बयान जारी किया, जिसमें एक नकाबपोश ने बसव राजू को 'क्रांतिकारी योद्धा' बताते हुए श्रद्धांजलि दी। भारत सरकार के ऑपरेशन को 'राज्य प्रायोजित हिंसा' करार दिया गया। वीडियो ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय नक्सलियों और तुर्की के वामपंथी उग्रवादियों के बीच वैचारिक और नैरेटिव कनेक्शन मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, तुर्की के राजनयिक कदम भी भारत के लिए चिंता का विषय बने हुए है। तुर्की के राजदूत ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात कर भारत के खिलाफ एकजुटता जताई थी। यही नहीं उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया और कथित निर्दोष नागरिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया था। तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने भी पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री से बात कर कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के आधार पर हल निकालने की बात कही। तुर्की के अलावा, फिलीपींस के कुछ वामपंथी समूहों द्वारा भी बसवराजू को श्रद्धांजलि दी गई है। नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजू उर्फ गगन्ना, आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी, लेकिन युवावस्था में वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर सीपीआई (माओवादी) से जुड़ गया। 2018 में, उसने संगठन के तत्कालीन महासचिव गणपति की जगह ली और नक्सल संगठन का महासचिव बन गया, जो संगठन में सबसे बड़ा पद होता है। वह संगठन की सेंट्रल कमेटी और पॉलिट ब्यूरो का प्रमुख सदस्य था। बसवराजू को ताड़मेटला, झीरम घाटी, बुरकापाल और जेल ब्रेक जैसे कई बड़े नक्सली हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। बसवराजू पर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 1.5 करोड़, और केंद्र सरकार की ओर से 10 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। जानकारों के अनुसार वह माओवादी नेटवर्क का रणनीतिकार था और न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विचारधारा, हथियारों की आपूर्ति और फंडिंग जैसे मसलों पर भी सक्रिय भूमिका निभा रहा था।

21 मई 2025, बुधवार को छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगलों में डीआरजी (डिस्ट्रीक रिजर्व गार्डस) और सुरक्षाबलों ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की। मुठभेड़ में करीब 30 नक्सली ढेर किए गए, जिनमें कई शीर्ष नेता भी शामिल थे। इस ऑपरेशन में बसवराजू की भी मौत हो गई, जिसकी पुष्टि बाद में हुई। यह ऑपरेशन नक्सली आंदोलन के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। इसे उसी तरह का ऑपरेशन बताया जा रहा है जैसे अमेरिका द्वारा ओसामा बिन लादेन या श्रीलंका द्वारा प्रभाकरन के खिलाफ चलाया गया था। भारत के कई राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा आदि में नक्सली हमलों की साजिश और संचालन में उसकी भूमिका रही है। 2010 से लेकर अब तक हुए कई बड़े नक्सली हमलों की योजना और नेतृत्व बसवराजू ने किया था। वह लंबे समय से भूमिगत था और कहा जाता है कि वह जंगलों में घूम-घूमकर रणनीति बनाता था, जिससे उसे पकड़ना बेहद मुश्किल था। बसवराजू की मौत, भारत की सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक ऐतिहासिक सफलता है। इससे न केवल नक्सल नेटवर्क का शीर्ष नेतृत्व ध्वस्त हुआ है, बल्कि इससे संगठन के वैचारिक मनोबल को भी भारी नुकसान पहुँचा है।

लेकिन, जिस प्रकार तुर्की, फिलीपींस और अन्य देशों में बसवराजू की मौत पर प्रतिक्रियाएँ आई हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि नक्सल आंदोलन अब केवल भारत की आंतरिक चुनौती नहीं है। यह एक अंतरराष्ट्रीय वैचारिक नेटवर्क का हिस्सा बन चुका है, जिसमें वामपंथी उग्रवादियों, मानवाधिकार संगठनों और राजनीतिक विरोधियों का समर्थन और सहयोग मौजूद है। जानकरों की माने तो आने वाले समय में भारत को इस अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव को चुनौती देने के लिए राजनयिक मोर्चे पर सख्त नीति, सोशल मीडिया पर निगरानी, और विचारधारात्मक काउंटर नैरेटिव विकसित करने की आवश्यकता होगी। जिससे भारत में नक्सल आंदोलन की जड़ों को फिर से हरा होने से पूर्णतया रोका जा सके। जिस प्रकार भारत सरकार काम कर रही है , उससे लगता भी यही है कि जमीनी सफलता के बाद नक्सल आंदोलन की वैचारिक और राजनीतिक जमीन को भी वह बंजर करेगी।

# बेटियां : विरासत नहीं, संवेदना का सच

## पितृसत्ता की विरासत में बेटियों की अनदेखी



प्रियंका सौरभ

**लिपट के रोये हैं बेटियों से अपनी हालत पे, जो कहते थे विरासत के लिये बेटा जरूरी है... यह शेर एक टीस है, एक कराह है उस व्यवस्था की, जिसने बेटियों को सिर्फ़ पराया धन समझ कर हमेशा हाशिए पर रखा। आज जब समाज के कंधे झुकते हैं, आँखें नम होती हैं, तो वही बेटियाँ उस पीड़ा की ढाल बनती हैं। जिनको कभी यह कहकर पराया कर दिया गया कि बेटी तो पराई होती है, वही बेटी अपने पिता के अंतिम दिनों में हाथ थामे खड़ी होती है।**

भारतीय समाज में सदियों से यह धारणा रही है कि बेटा ही वंश चलाता है, बेटा ही अर्थी को कंधा देगा, बेटा ही संपत्ति का उत्तराधिकारी होगा। यह सोच न सिर्फ बेटियों को दोयम दर्जे में धकेलती है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी ठेस पहुंचाती है। पर समय ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वंश केवल नाम का नहीं होता, वंश वह संवेदना है जिसे कोई भी आगे बढ़ा सकता है। कितनी ही बेटियाँ हैं जो अपने बूढ़े माँ-बाप की सेवा करती हैं, उन्हें सहारा देती हैं और उनकी अंतिम इच्छा तक निभाती हैं। आज जब संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं, जब बेटे महानगरों में अपने करियर में व्यस्त हैं, तब वहीं बेटियाँ अपने माँ-बाप के पास रहकर उन्हें मानसिक, भावनात्मक और कभी-कभी आर्थिक संबल भी दे रही हैं।

**आँसुओं की तासीर एक-सी क्यों होती है?**

जब किसी घर में दुख आता है, तो आँसू किसी रिश्ते, लिंग या वर्ग को नहीं देखते। माँ की ममता और बेटी का दुलार—दोनों में दर्द की वही भाषा होती है। मौत एक ऐसी सच्चाई है जो सबको एक छतरी के नीचे खड़ा कर देती है। उस क्षण न कोई बेटा बड़ा होता है न बेटी छोटी। उस क्षण सिर्फ़ इंसान होता है—समर्पित, भावुक, टूटता हुआ। हमारे समाज में मृत्यु के बाद का अनुष्ठान बेटे के जिम्मे होता है। लेकिन क्या भावनात्मक जिम्मेदारी केवल एक लिंग पर थोपना उचित है? जब बेटी भी उसी दुख को झेलती है, वही आँसू बहाती है, तो वह अधिकारों में कमतर क्यों?

**बदलते सामाजिक समीकरण :** आज का भारत एक संक्रमण काल से गुजर रहा है, जहाँ बेटियों को पढ़ाया जा रहा है, आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, पर मानसिकता का बदला जाना अभी अधूरा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा तो है, पर क्या हम बेटियों को जीवन के हर अधिकार में समान दर्जा दे पा रहे हैं? क्या उन्हें संपत्ति, परंपरा और निर्णयों में बराबरी का स्थान मिल रहा है? सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बेटियों को संपत्ति के अधिकार, पारिवारिक निर्णयों में भागीदारी और सामाजिक सम्मान की भी ज़रूरत है। यह बदलाव सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि विचारों से आएगा।

**अनुभवों की कहानियाँ- बेटियाँ जिन्होंने समाज को बदला :** राजस्थान के छोटे गाँवों से लेकर महानगरों तक, हजारों बेटियाँ अपने माता-पिता के लिए वह संबल बनीं हैं जिसकी कल्पना समाज बेटों से करता था। एक उदाहरण महाराष्ट्र की प्रियंका का है, जिसने अपने पिता की मृत्यु पर विधिवत अंतिम संस्कार किया, गाँव ने विरोध किया, पर वह डटी रही। आज गाँव की अन्य लड़कियाँ उसे अपना आदर्श मानती हैं। एक अन्य कहानी उत्तर प्रदेश की सीमा की है, जिसने अपने पिता के बीमार होने पर नौकरी छोड़ दी और तीन वर्षों तक दिन-रात सेवा की। अंत में जब पिता का देहांत हुआ, तो सीमा ने अकेले सारे कर्मकांड निभाए। क्या यह प्रेम, यह समर्पण विरासत का हिस्सा नहीं है?

**कानून क्या कहता है?**

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



लवली कटियार
( आईपीएस )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा की शानदार और तेज तर्रार अधिकारी श्रीमती लवली कटियार। 7 सितम्बर सन 1980 को कानपुर में जन्मी लवली कटियार शुरू से ही ऊर्जावान रही हैं। बी.टेक केमिकल इंजी) की पढ़ाई के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आई और आज उप महानिरीक्षक पुलिस शाखा प्रमुख केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई विशेष अपराध. नई दिल्ली पद को सुशोभित कर रही हैं। इससे पूर्व ये पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो भारत सरकार नई दिल्ली रही। कमाण्डेन्ट 12वीं बटालियन, आरएसी नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, क्राइम ब्रांच जयपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात पुलिस आयुक्तालय जयपुर। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर। कमाण्डेन्ट, 9वीं बटालियन, आरएसी टोंक। पुलिस उपायुक्त यातायात पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, सिरोही। पुलिस अधीक्षक बाड़मेर। सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत शास्त्री नगर, जयपुर शहर (पश्चिम) सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत भरतपुर ग्रामीण भरतपुर। अलवर में जिला प्रशिक्षणाधीन रही और अलवर प्रोबेश्न के दौरान आपकी शानदार कार्रशैली देखने को मिली। इसके अलावा आरपीए, जयपुर में प्रशिक्षणाधीन रही। बेहद शानदार अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। कटियार को 2017 से 2019 के बीच जयपुर में डीसीपी ट्रैफिक के रूप में उनके काम के लिए जाना जाता है, जहाँ उन्होंने यातायात से संबंधित घटनाओं को कम करने के लिए सुधारों को लागू किया था जो आज भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। 2008 बैच की आईपीएस अधिकारी को 2017 से 2019 तक जयपुर में डीसीपी ट्रैफिक के रूप में उनके कार्यकाल के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है, जहाँ यातायात से संबंधित दुर्घटनाओं में कमी आई। उन्होंने विशेष रूप से व्यस्ततम घंटों के दौरान महत्वपूर्ण स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की नई तैनाती शुरू करने के लिए प्रशंसा अर्जित कीए जिससे अड़चनें कम हुईं। कानपुर की मूल निवासी कटियार बाड़मेर, सिरोही अलवर, क्राइम ब्रांच और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहीं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_030
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 6 | | 7 | |
| | | 1 | 2 | 5 | | | 8 | |
| 3 | | | 4 | | | 7 | | 6 |
| 6 | | | | | | | | 2 |
| 1 | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| | 5 | | | 3 | 1 | 9 | | |
| | 1 | | 9 | 2 | | | | |
| | | | 5 | | | | 3 | |

### Ans_2025_031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 8 | 2 | 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

**वृष**
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

**मिथुन**
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

**कर्क**
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी।

**सिंह**
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है।

**कन्या**
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है। विदेश से समाचार मिलेगा।

**तुला**
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

**धनु**
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

**मकर**
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

**कुंभ**
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

**मीन**
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च होगा। लंबी यात्रा होगी।

### जयपुर में राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान

# जिले में खुलवाए गए 1 हजार 182 रास्ते लाखों ग्रामीणों की राहें हुईं आसान

- फागी अव्वल...सर्वाधिक 102 रास्ते खुलवाए, चौमूं में प्रशासन ने खुलवाए 82 रास्ते
- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे अभियान की मॉनिटरिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संचालित रास्ता खोलो अभियान अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। 7 महीने से भी कम समय में जयपुर जिले में बरसों से बंद एक हजार 182 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों की खेतों एवं गांवों की राह आसान की है। जयपुर जिले में रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अभियान के तहत रास्ते खुलवाने के मामले में फागी अव्वल है जहां सर्वाधिक 102 रास्ते खुलवाए गए हैं तो वहीं, चौमूं में प्रशासन ने 85 रास्ते खुलवा कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की है। अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं श्री देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों को राहत प्रदान की जा रही है। रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े एक हजार 182 रास्ते खुलवाए गए हैं। उन्होंने ने बताया कि 15 नवंबर 2024 से 31 मई 2025 तक अभियान के तहत जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 64 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 54 रास्ते, आंधी तहसील में 62 रास्ते, बस्सी तहसील में 62 रास्ते, तूंगा तहसील में 44 रास्ते खुलवाए गए। वहीं, शाहपुरा तहसील में 73 रास्ते, जोबनेर तहसील में 65 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 55 रास्ते, फुलेरा तहसील में 63 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 50 रास्ते, जालसू तहसील में 41 रास्ते, सांगानेर तहसील में 26 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने ने बताया कि चाकसू तहसील में 68 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 49 रास्ते, माधोराजपुरा तहसील में 65 रास्ते, दूदू तहसील में 61 रास्ते एवं मौजमाबाद तहसील में 81 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा।







# गौ माता की रक्षा व प्लास्टिक संकट पर अखिल भारतीय बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** टोंक रोड, वैदिक वन औषधि पादप केंद्र, जयपुर में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की राष्ट्रीय बैठक रविवार को गंभीर चिंतन और ठोस संकल्पों के साथ संपन्न हुई। इस बैठक में भारत के 22 राज्यों से गौशाला संचालक, पर्यावरण विशेषज्ञ, गौ अनुसंधानकर्ता, और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने की, जिन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण के कारण गौ माता की असमय मृत्यु को राष्ट्रीय आपदा करार दिया। मुख्य वक्ता बैठक में निम्नलिखित प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार और समाधान प्रस्तुत किए- हंसील कांति लाल मारू, समेतसिकर, मुंबई राजकमल चक्रपाणि, काशीपुर, उत्तराखंड कविता खट्टर, डी102, प्रीत विहार, दिल्लीआशीष श्रीवास्तव, 73 रचना विहार, भोपालदेवेन वर्मा, दिल्लीअर्पित जैन, नॉर्थ दिल्ली, दिल्ली - 110007अंकित वर्मा, बीएच-59 ईस्ट, नॉर्थवेस्ट दिल्ली बबिता बिरला, पत्नी यशवंत बिरला, ई1-001दीपांशु वाधवा, 86 जागृति अपार्टमेंट ऋषभ कुमार, नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेशश्लोक अग्रवाल, झालावाड़ मोनिका गुप्ता, सचिव, हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटीइन वक्ताओं ने गौ माता के संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभाव, और पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस उपायों पर अपने विचार साझा किए, जिससे बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने में मदद मिली।

## संकट की गहराई

प्लास्टिक से गौ माता की त्रासदीबैठक में प्रस्तुत आंकड़े और तथ्य देश के सांस्कृतिक, पर्यावरणीय, और आर्थिक ढांचे पर गहरा आघात दर्शाते हैं निराश्रित गायों की संख्याः भारत के शहरी क्षेत्रों में अनुमानित 2.5 लाख से अधिक निराश्रित गायें सड़कों पर भटक रही हैं, जिनमें से अधिकांश प्लास्टिक युक्त कचरा खाने को मजबूर हैं।

## प्लास्टिक सेवन का प्रभाव

गौ माता के पाचन तंत्र में प्लास्टिक जमा होने से आंतरिक रुकावट, संक्रमण, और कैंसर जैसे रोग हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार, 60त्न से अधिक निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक सेवन है।आर्थिक नुकसानः गौ-आधारित कृषि और डेयरी उद्योग को प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, क्योंकि गायों की औसत आयु और उत्पादकता में कमी आ रही है।पर्यावरणीय तबाहीः प्लास्टिक कचरा न केवल गायों के लिए घातक है, बल्कि मिट्टी, जलस्त्रोतों, और वायु को भी प्रदूषित कर रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य संकट गहरा रहा है। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद, 2025 सर्वेक्षणमाननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से करबद्ध अपीलअखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से इस राष्ट्रीय संकट के समाधान के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

# रोटरी क्लब अलवर द्वारा आयोजित कार्यकारिणी प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिरोहण का बरसाना में आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा आयोजित कार्यकारिणी प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिरोहण का सफल आयोजन बरसाना में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए कार्यकारिणी सदस्यों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था।

वर्ष 2025-26 के सचिव ऋषि मित्तल ने बताया की कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3041 पीडीजी डॉ बाल ईनामदार मुंबई से, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 से पी डी जी क्रांति मेहता,पी डी जी राजकुमार भूटोरिया, पी डी जी पवन खंडेलवाल, अलवर से पी डी जी हरीश गौड़, डी जी एन बृजमोहन अग्रवाल भिवाड़ी से, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की 25-26 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निशा शेखावत,रोटे. अमर सिंह शेखावत अजमेर से कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने विशेष रूप से आएऔर कार्यकारिणी सदस्यों को प्रशिक्षण सत्र में नेतृत्व कौशल, टीम वर्क, सामाजिक सेवा के महत्व और क्लब की गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा कर प्रशिक्षण दिया । कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष दीपक कट्टा की ओर से श्रीमती नीलू जैन ने किया, इसके पश्चात वर्ष 2025-26 की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व अपनी कार्यकारिणी का परिचय आगंतुक अतिथियों से करवाया उन्होंने सभी सदस्यों को बधाई दी और नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। अधिरोहण समारोह में नए कार्यकारिणी सदस्य अपने स्पाउसेस के साथ उपस्थित थे ।कार्यक्रम में वक्ताओं ने रोटरी के उद्देश्यों और सामाजिक सेवा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष रोटे.नीरज जैन,सहायक प्रांतपाल रोटे जितेन्द्र खुराना, वर्ष 25-26 के सहायक प्रांतपाल रोटे. राजेश सिंघल ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम के दौरान में सभी कार्यकारिणी सदस्यों को पद सहित name badge प्रदान किए गए।

कार्यकारिणी सदस्यों के अनुसार इस प्रशिक्षण सत्र से उन्हें अपने कर्तव्यों को बेहतर तरीके से निभाने में मदद मिलेगी। इसी अवसर पर 202-26 की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने सभी अतिथियों से स्वयं के कार्यकाल के कार्यक्रमों के लिए बनाया गया रोटरी कैलेंडर का विमोचन करवाया जिस की की सभी फैकेल्टी द्वारा सराहा गया

कार्यक्रम का मुख्य संचालन कर्ता पी डी जी पवन खंडेलवाल रहे व संचालन के दौरान उन्होंने कहा रोटरी क्लब अलवर द्वारा बरसाना में आयोजित यह कार्यकारिणी प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिरोहण सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा लेकर आया है जो कि निश्चित ही रोटरी क्लब अलवर को नए शिखर पर स्थापित करने में मददगार रहेगा ।

# मंत्री और आईएएस के खिलाफ पोस्टर लगाने पर निगम ने करवाया मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर के बाईस गोदाम सर्किल पर सहकारिता मंत्री गौतम दक और सीनियर आईएएस मंजू राजपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार जुड़े मामलों के पोस्टर लगाने के मामले में नगर निगम हेरिटेज सख्त नजर आ रहा है। जिसके चलते नगर निगम सिविल लाइन जोन ने बिना अनुमति सरकारी होर्ल्डिंग पर विज्ञापन लगाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। इसके बाद अब अशोकनगर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पुलिस उप निरीक्षक घनश्याम ने बताया कि सिविल लाइन्स जोन नगर निगम जयपुर हेरिटेज क्षेत्र के वार्ड नंबर 49 में सहकार मार्ग स्थित एमजीएफ मॉल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से विज्ञापन बैनर चस्पा कर दिया। यह बैनर नगर निगम हेरिटेज के एक विज्ञापन बोर्ड पर लगाया गया था। इसका ऑप्शन नहीं करके नगर निगम ने सरकारी योजनाओं के विज्ञापनों के लिए खुद अपने पास रख रखा था। बैनर में लिखा था कि सीएम साहब सुनो सुनो करोड़ों के घोटालों के आरोपियों को बचा रहे सहकारिता मंत्री गौतम दक और रजिस्ट्रार मंजू राजपाल। हालांकि बैनर एक सप्ताह पहले लगाया गया था,लेकिन बैनर की फोटो वायरल होने के बाद नगर निगम हेरिटेज की ओर से अशोकनगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया। मामला दर्ज होने से पहले बैनर को हटा दिया गया था। उसके स्थान पर सरकारी योजनाओं के प्रचार के बैनर लगा दिए गए थे। इस विज्ञापन के लगने के बाद नगर निगम के स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान और अन्य सरकारी योजनाओं के प्रचार में बाधा बन गई। इसके साथ ही शहरी सौंदर्यीकरण पर भी असर पड़ा। जिसे नगर निगम ने सरकारी और सार्वजनिक संपत्ति का विरूपण माना है। निगम के अनुसार, यह मामला राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 297 क और राजस्थान संपत्ति विरूपण एवं निवारण अधिनियम 2006 की धारा 3/6 का उल्लंघन है। इसके बाद इस संबंध में सिविल लाइन जोन के उपायुक्त ने अशोकनगर थाना पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर नगर निगम हेरिटेज आयुक्त की ओर से आरओ सत्यनारायण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता व सेनाओं के सम्मान में उत्साह के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के बर्डोद कस्बे मे पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाये गए,ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपलक्ष्य में रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में उत्साह के साथ सम्मिलित लोगों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। तिरंगा इस मौके पर पूर्व डेलीगेट मन्नू सैनी ने कहा कि



भारतीय सेना ने ऑपेरशन सिन्दूर में अपना शौर्य दिखाया है। तिरंगा यात्रा कस्बे के श्री जहारवीर गोगाजी मन्दिर से प्रारम्भ होकर, कस्बे के बस स्टैंड मुख्य बाजार मार्गो से होते हुए,मुख्य चौपाल चाँदनी चौक, घण्टाघर, भैरुजाट मन्दिर से होते हुए पुनः गोगाजी मन्दिर स्थल पर सम्पन्न हुई। इस मौके पर कस्बे सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मीडिया पर डिजिटलीकरण का प्रभाव नई प्रवृत्तियाँ और चुनौतियाँ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** महात्मा ज्योतिबा फुले यूनिवर्सिटी मीडिया विभाग द्वारा कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान जयपुर में मीडिया पर डिजिटलीकरण का प्रभाव नई प्रवृत्तियाँ और चुनौतियाँ विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार रहे। जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के एकेजे मास कम्युनिकेशन सेंटर के पूर्व



निदेशक प्रोफेसर एफ बी खान, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के पूर्व महानिदेशक प्रोफेसर डॉक्टर के जी सुरेश सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी में डिजिटल मीडिया की प्रमुख चुनौतियों, फेक न्यूज की समस्या, कंटेंट की प्रामाणिकता, सोशल मीडिया की भूमिका तथा पत्रकारिता के बदलते मानकों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी, मीडिया प्रोफेशनल्स और शिक्षाविद उपस्थित रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को मीडिया की बदलती दिशा और भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों ने डिजिटल मीडिया की चुनौतियाँ, फेक न्यूज, कंटेंट की विश्वसनीयता, सोशल मीडिया की भूमिका और पत्रकारिता के बदलते मानकों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में छात्रों, शोधार्थियों, मीडिया प्रोफेशनल्स और शिक्षकों की बड़ी भागीदारी रही।

## जिले के 14 केंद्रों पर शांतिपूर्ण रूप से परीक्षा हुई सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )। जिला कोटपूतली-बहरोड़ मुख्यालय के 14 केंद्रों पर नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार को दो पारियों में किया गया। जिसमें प्रथम पारी में कुल 6061 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 5495 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 566 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल उपस्थिति 89.19 प्रतिशत रही। वहीं द्वितीय पारी में कुल 6046 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

## बोर्ड परीक्षा में अच्छा परिणाम देने पर प्रधानाध्यापक व स्टॉफ का किया अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के निकटवर्ती ग्राम सुदरपुरा ढ़ाढ़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा में अच्छा परिणाम देने पर सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामौतार मेघवाल सहित स्टॉफ का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान गिर्राज सिंह, कृष्ण सिंह, सुभाष चंद आर्य, पूरण खटाणा, पंकज, रघुसिंह, विजय, राजेश आदि मौजूद रहे।

## मां ने सौतेले पिता के साथ मिलकर चार वर्षीय बच्ची को उतारा मौत के घाट हत्या के बाद शव को तीन सौ किलोमीटर दूर बारां में छिपाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुहाना थाना इलाके में चार वर्षीय बच्ची की उसकी मां ने सौतेले पिता के साथ मिलकर मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी और फिर उसका शव कट्टे में डालकर बारां ले गए और वहां पर एक अलमारी में रख दिया। जहां बदबू उठने पर घर की अलमारी में छिपा रखा मासूम का शव बारां की भंवरगढ थाना पुलिस को मिल गया। मुहाना थाने में मृतक बच्ची के दादा ने हत्यारे बेटे-बहू के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी गुरू भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि भवरगढ़ के जेतपुरा निवासी जयराम (65) ने मामला दर्ज करवाया है कि मुहाना थाना इलाके में रहकर उसका बेटा महावीर मजदूरी का काम करता है। करीब 7 महीने पहले नाते से उसने टोंक निवासी रोशन कुमारी से दूसरी शादी की थी। रोशन कुमारी के पहले पति रवीन्द्र से चार वर्षीय बेटी इशिका भी साथ रहती थी। 30 मई को शाम करीब 5 बजे बेटा महावीर मेरे पोते नवीन के साथ घर पर आया था। घर पर उसकी गैरमौजूदगी में महावीर शराब के नशे में घर में तोड़फोड़ कर चला गया। रात करीब 11 बजे घर पहुंचने पर पोता नवीन घर पर मिला। रात को पोते के साथ वह सो गया। शनिवार सुबह करीब 8 बजे उठने पर कमरे में रखी लोहे की अलमारी से बदबू उठ रही थी। अलमारी को खोलकर देखने पर उसमें प्लास्टिक का कट्टा रखा था। बदबू उठने के साथ ही कट्?टे से खून निकल रहा था। भवरगढ़ थाना पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर कट्टे को अलमारी से निकाला। कट्?टा खोलकर देखने पर छोटी बच्ची इशिका की लाश मिली। पौते नवीन ने दादा जयराम को बताया कि परसो शाम को मम्मी रोशन कुमारी और पापा महावीर ने जयपुर के घर पर इशिका के साथ लात-घुसों से मारपीट की। पापा ने इशिका का गला दबाया था। सुबह मेरे साथ एक प्लास्टिक का कट्टा साथ लेकर गांव आए थे। सौतेले पिता के साथ मिलकर मम्मी रोशन कुमारी ने इशिका की हत्या कर दी।

शव को ठिकाने लगाने के लिए जयपुर से गांव भंवरगढ़ बारां लेकर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 2 जून को

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक माननीय केन्द्रीय मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार एवं सांसद अलवर श्री भूपेन्द्र यादव की उपस्थिति और सांसद (जयपुर ग्रामीण) एवं अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) कोटपूतली-बहरोड़ श्री राव राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 2 जून 2025 को दोपहर 12 बजे से कार्यालय जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ के सभागार में आयोजित की जाएगी।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन मंत्री संजय शर्मा ने किया जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

## जिले की खेल प्रतिभाओ को निखारने के लिए खेल अवसंरचनाओ का किया जा रहा है विस्तार : केंद्रीय मंत्री यादव

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने रविवार को सेंट ऐन्सलम स्कूल में जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता (बालक-बालिका वर्ग) में खिलाडियों का उत्साहवर्धन कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि अलवर जिले में खेल संस्कृति को बढावा देने एवं खिलाडियों को खेलों के माध्यम से मंच प्रदान करने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजित कराया गया जिसमें बडी संख्या में खिलाडियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव एवं टाइगर मैराथन में उत्कृष्ट 700 छात्र-छात्राओं को 2 जून से एलआईटी कॉलेज में देश के बेहतरीन प्रशिक्षकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेलों को बढावा देने हेतु अलवर सांसद सम्पर्क यात्रा के माध्यम से गांव- गांव में यूथ क्लब बनाए जा रहे हैं जिनमें से अब तक 250 यूथ क्लब बना लिए गए हैं। इन यूथ क्लब को गेम्स क्लब के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। साथ ही जिले की विधानसभा क्षेत्रों में 10 खेल मैदान, भिवाडी में स्टेडियम निर्माण आदि कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने खेलों के कल्चर को विकसित करने हेतु इस बार टाइगर मैराथन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कराया जाएगा। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि अलवर जिले ने देश को कई अंतरर्राष्ट्रीय खिलाडी दिए हैं जिन्होंने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अलवर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया है। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव के माध्यम से ग्रामीण एवं खेल प्रतिभाओं को निखारने, खेलों के विकास के लिए 6.63 करोड की लागत से सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कराने की स्वीकृति दिलाने, साईं के हॉकी सेंटर को यथावत रखने तथा बास्केटबाल सेंटर को पुनः प्रारम्भ करवाने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न राष्ट्र स्तरीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया तथा विद्यालय परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### सांसद ने खेल उत्सव के समर कैम्प की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्रि संजय शर्मा ने चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज में आयोजित होने वाले अलवर सांसद खेल उत्सव के समर कैम्प के खेल मैदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समर कैम्प में खिलाडियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इससे पूर्व उन्होंने ने अग्रवाल महासभा द्वारा आयोजित श्री भक्तमाल कथा को सुना एवं श्री श्री 108 गंगा दास वेदांती जी का आशीर्वाद लिया।उन्होंने कहाँ कि धार्मिक आयोजनो से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का संचार होता है और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है।

गुरुबिना ज्ञान अधूरा-महंत सीताराम दास महाराज।

# गांव भावा में वैदिक शिविर का शुभारंभ हुआ, 180बटुक सिख रहे है वैदिक ज्ञान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** भावा में रविवार को महर्षि वेदव्यास सनातन वैदिक शिक्षक सेवा संस्थान के सानिध्य में 15 दिवसीय वैदिक शिक्षण शिविर पब्लिक स्कूल भावा में शुरू हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक ओमप्रकाश शर्मा के द्वारा की गई मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर द्वारा की गई अति विशिष्ट अतिथि के रूप में झडोल के महंत सीताराम दास महाराज संत दासमहाराज रमेश दास महाराज द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि जमकू लाल शर्मा जगदीश चन्द्र उपाध्याय पूर्णेश पारीक, मनोहर व्यास, जगदीश गुर्जर, कैलाश श्रीमाली, वीरेंद्र सिंह चौहान, प्रवीण गुर्जर,भगवत सिंह गुर्जर,कजोड़ीमल आदि अथिति थे कार्यक्रम का शुभारंभ गणपत शर्मा व देवेंद्र पालीवाल , पवन तिवारी के मित्रों के साथ शुभारंभ किया गया जिसमें दीप प्रज्वलित सरस्वती वेदव्यास भगवान की पूजा के साथ हुई ।

महंत सीताराम दास महाराज ने गुरु के महत्व प्रकाश डाला कहा कि कलयुग में गुरु बिना ज्ञान नही मिलता हर मनुष्य के गुरु होना आवश्यक है सनातन धर्म का वर्णन अनेक प्रख्यानों द्वारा किया, संत दास महाराज ने वर्तमान समय में विलुप्त होती हुई वैदिक शिक्षा पर महत्व बताया, लहरी लाल शर्मा द्वारा गुरुकुल की आवश्यकता का जिक्र किया गया तथा मुख्य अतिथि देवकीनंदन गुर्जर ने कहा कि वेद के मंत्र के अधीन देवता होते हैं मंत्र ब्राह्मण के अधीन होते हैं इसलिए कलयुग के देवता ब्राह्मण बताएं। समाजसेवी जगदीशचन्द्र गुर्जर ने कहा वर्तमान समाज में सनातन शिक्षा की अति आवश्यकता है क्योंकि संस्कारों की धीरे-धीरे हानि होती जा रही है सभी अस्तित्व का अपना-अपना विचार व्यक्त किए गए हैं यह सिर्फ 16 जून तक का आयोजन किया गया 5 जून को सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम होगा इस शिविर में वैदिक शिक्षण संस्थान के साथ-साथ संध्या वंदन, योग्भ्यास ,खेलकूद अंकगणित ज्योतिष शास्त्र का भी अध्ययन होगाइस शिविर में 180 बच्चे का पंजीयन हुआ यह शिविर निशुल्क अवश्य शिविर रहेगा आचार्य हरी प्रसाद द्वारा संस्था के नियम की चर्चा की गई धर्म और ब्राह्मण वर्ण भाव प्रदर्शित किया संस्था के अध्यक्ष गोविंद जोशी द्वारा सभी अथितियों का सत्कार व आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन आचार्य प्रहलाद तिवारी द्वारा किया गया शिविर के आचार्य विष्णु शर्मा विकास , भरत खंडेलवाल, भरत पारीक, गणपति , पवन, प्रहलाद हरीश, प्रदीप , देवेंद्र , आयुष , रविंद्र लादू लाल, नंदलाल , कृष्ण पालीवाल अन्य सभी आचार्यों द्वारा अपने द्वारा तन मन धन के साथ में सहयोग किया गया।

# एनआईएफ ग्लोबल उदयपुर के 2016-2024 बैच का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** एनआईएफ ग्लोबल उदयपुर की ओर से उस समय गर्व और भावनाओं से भरा पल देखने को मिला, जब संस्थान ने 2016 से 2024 बैच के छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया।

यह समारोह प्रतिभा, समर्पण और परिवर्तन की एक रंगीन प्रस्तुति थी। फैशन डिज़ाइन, इंटीरियर डिज़ाइन और अन्य रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े छात्रों को विधिवत उनकी डिग्रियाँ प्रदान की गईं, जो उनके शैक्षणिक सफर की सफलता का प्रतीक रहीं। दीक्षांत समारोह की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद संस्थान के नेतृत्व, मेंटर्स और विशेष अतिथियों ने प्रेरणादायक भाषण दिए। प्राची मेहता, सेंटर डायरेक्टर, एनआईएफ ग्लोबल उदयपुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह किसी अध्याय का अंत नहीं, बल्कि एक सशक्त यात्रा की शुरुआत है, जहाँ आपकी कला, आपकी सोच और आपका हुनर उद्योगों को नया रूप देंगे। हमें आप सभी पर गर्व है। इस अवसर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए कई अतिथि अरुण माण्डोत,अरुण कुमार शर्मा, डॉ.आनन्द गुप्ता, भुवनेश्वरी, शक्तावत, श्रद्धा मुरडिया,आर्किटेक्ट सुनील लढ़ा, विशाल राठौड़, संदीप राठौड़ और कमलेश शर्मा मौजूद थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को आत्मविश्वास, नवाचार और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। समारोह का विशेष आकर्षण रनवे रिमेगिनेड राउंड रहा। जिसे एनआईएफ ग्लोबल उदयपुर के इंटीरियर डिजाइन विभाग के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। रचनात्मकता और स्टाइल का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही द्वितीय वर्ष के छात्रों साहिल रजानी, मोल्ली जैन, अनन्या तिवारी, खुशराज सिंह राव, स्नेहा जैन और हर्षिता रामनानी ने अपनी अवन्त ग्रेड थीम पर आधारित फैशन कलेक्शन प्रस्तुत किया, जो रचनात्मकता, परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन मिश्रण था। इस मौके पर पूर्व छात्र भी शामिल हुए, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए।

संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया और पुराने दिनों की यादों में खो गए। समारोह हंसी, तालियों और नम आंखों से भरा रहा, जब छात्रों ने अपने ग्रेजुएशन कैप हवा में उछाल कर अपने सपनों को उड़ान दी। इस दीक्षांत समारोह के साथ एनआईएफ ग्लोबल उदयपुर ने एक बार फिर रचनात्मक शिक्षा में उत्कृष्टता और उद्योग-तैयार प्रोफेशनल्स तैयार करने के अपने वादे को दोहराया।

# बाँदीकुई : पिता को टिफिन देकर लापता हुआ 15 वर्षीय बालक, धमकी भरा नोट मिलने से परिजनों में मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान



**मेंहन्दीपुर बालाजी ( नि.स. )।** बालाजी मे रविवार कों एक पंद्रह वर्षीय बालक अपने पिता कों दुकान पर खाने का टिफिन देकर वापस घर जाने की जगह बालाजी जीप स्टेंड से सवारी गाड़ी मैक्स मे बैठकर बाँदीकुई पहुंच गया। टिफिन देकर वापस घर नही लौटने पर परिजनों ने बालक की तलाश की। बालक की साईकल भरतवाल स्कूल के पास के पास गिरी मिली। साथ ही स्केच पेन से कागज़ पर तेरा बेटा मारा गया, साढ़े सात बजे लाश मिलेगी धमकी भरे शब्द लिखे मिले। तलाश करने आए परिजन कागज़ मे लिखे शब्द पढ़कर डर गये और अपहरण का अंदेशा लगाते हुए सूचना पुलिस कों दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की हर एंगल से जांच कि तो बालक के अपहरण नही होने की बात सामने आई। एसएचओ गौरव प्रधान ने बताया कि टिफिन देने के बाद बालक खुद ही साइकिल को भरतवाल स्कूल के पास छोड़कर आया था एवं कागज में लिखें गए शब्द उसने खुद लिखे थे। उसके बाद वह एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में बांदीकुई जा रही एक सवारी गाड़ी में बैठकर बाँदीकुई जाता हुआ नजर आ रहा है। वही थाना पुलिस ने टीम बाँदीकुई भेज कर रेलवे स्टेशन के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे मे रेलवे स्टेशन के भीतर जाना पाया गया। उसके बाद से उस बालक की कोई जानकारी नही पाई गई।

अपहरण का अंदेशा भले ही गलत पाया गया हो लेकिन बालक के नही मिलने से परिजनों एवं पुलिस के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।पुलिस अलग अलग टीम बनाकर बालक कों ढूढ़ने मे लगी है।

# महिला का जला हुआ शव मिला : घर से 100 मीटर दूरी पर मिली बॉडी, पांव के कड़े से पति ने पहचान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के देवगढ़ थाना सर्कल में महिला का जला हुआ शव मिला। देवगढ़ थाना सर्कल की मंडावर पंचायत क्षेत्र में महिला का जला हुआ शव मिलने की सूचना पर ग्रामीण पहुंचे जिसके बाद देवगढ़ पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर देवगढ़ पुलिस थाना इंचार्ज अनिल विश्नोई मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे ओर शव को देवगढ़ के हॉस्पिटल पहुंचाया।पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के अनुसार शनिवार देर रात्रि को देवगढ़ थाना सर्कल में मंडावर में महिला के शव की सूचना मिली जो पूरी तरह से जला हुआ था। जिसके बाद एएसपी महेन्द्र पारीक, पुलिस थाना इंचार्ज अनिल विश्नोई मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और शव को देवगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया।शव के पांव में चांदी के कड़े के आधार पर महिला की पहचान उनके पति शेर सिंह ने की। महिला की पहचान सोहनी देवी (78) पत्नी शेर सिंह रावत निवासी गांव डूंगातो की गुवार के रूप में हुई। महिला अपने पति के साथ गांव में ही रहती थी। पुलिस ने मौके से सबूत इकट्ठा किए। एफएसएल टीम भी रविवार को मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि महिला का शव उसके घर से 100 मीटर की दूरी पर ही एक मकान के पीछे जली हुई अवस्था में मिला।महिला को शनिवार को दोपहर 3 बजे आखरी बार देखा गया था।

महिला के दो बेटे ओर दोनों गुजरात में काम करते है। वहीं मौके पर पहुंचे एएसपी महेन्द्र पारीक ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। महिला के पति की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राठी वाला मंदिर व हिरामल की बगीची में पशु पक्षियों के लिए रखी पानी की टंकिया, माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति की अनूठी पहल

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय कस्बे के राठी वाला मंदिर व हिरामल जी महाराज की बगीची पावटा में माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया। समिति द्वारा श्री राधा मोहन दासजी महाराज एवं शिक्षाविद गजानंद टीलावत के सान्निध्य और समाजसेवी कांशीराम लम्बोरा तथा सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज जाट व कृष्ण कुमार ओला के नेतृत्व में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे और निराश्रित गोमाता व अन्य पशु पक्षियों के लिए पानी की टंकिया रखी गई। संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जन सहयोग से चलाया जा रहा है। अभियान में जन सहयोग के लिए क्षेत्र के भामाशाह अपनी इच्छा से बढ़ चढ़कर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्य पशु पक्षियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। इस मौके पर ब्रह्माण्ड महासभा पावटा अध्यक्ष अमरनाथ पटेल, समाजसेवी कैलाश चंद शर्मा, सेवानिवृत्ति शिक्षाविद लक्ष्मी नारायण यादव, पुरुषोत्तम मिश्रा, आशु खारवाल, शीशराम जाट एवं एनजीओ के सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने समिति के इस कार्य की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति का यह कार्य पशु पक्षियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। समिति द्वारा किए जा रहे इस कार्य से क्षेत्र के लोगों में पशु पक्षियों के प्रति सहानुभूति और सहयोग की भावना बढ़ रही है।

# गोपीनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के गोपीनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथावाचिका पूजा बाई ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। कथावाचिका ने कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते हैं। विदुर प्रसंग में कथावाचिका ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। कथावाचिका ने श्रद्धालुओं के समक्ष सृष्टि वर्णन के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया। संगीतकार मोहर सिंह ने भी श्लोक वाचन किया और कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गईं।

गोपीनाथ मंदिर महंत मोहन लाल भागवती, नृसिंह मंदिर महंत मणीराम दास महाराज व ठिकरिया मंदिर महंत रघुदास महाराज ने भी आशिर्वचन कहे। इस दौरान भरतपुर से महेश जांगिड़, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज अग्रवाल पावटा, पूरण जाट, धोलूराम स्वामी, भवानी शंकर शर्मा, लीलाराम योगी, राजेन्द्र यादव, राजू यादव, छोटू योगी, राजेन्द्र धानका समेत काफी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर कथा का आनंद लिया।

# गर्मी से परेशान अजगर आया आबादी क्षेत्र में

## शिकार की तलाश में मवेशियों के बाडे में देखा गया विशाल अज़गर



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** इन दिनों भीषण गर्मी का आलम यह है कि इंसानों के साथ-साथ मवेशी और जंगली जानवर भी परेशान है। भीषण गर्मी में अपने शरीर का तापमान संतुलित करने के लिए जानवर भी पानी की तलाश में आबादी का रूख कर रहे है। राजसमंद की आत्मा ग्राम पंचायत में आज दोपहर मवेशियों के बाडे में एक 15 फीट लंबा भीमकाय अजगर देखा गया। पानी और शिकार की तलाश में यह अजगर मवेशीयो के बाडे में घुस गया था। मकान मालिक ने इसकी सूचना वन विभाग को दी और वन विभाग की सूचना के बाद राजसमंद से पहुंची रेस्क्यू टीम ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद अजगर को पड़कर एक बोडे में बंद किया। वन्य जीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत ने बताया कि यह अजगर गर्मी के चलते अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी और शिकार की तलाश में अंदर घुस गया था। जिसे बनकर्मियों ने पानी पिलाया और उसके बाद बोरे में बंद किया। वन विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर इस अजगर को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# समाज सेवा शिविर का समापन विद्यार्थियों ने दिखाया स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति समर्पण

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा कस्बे स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शनिवार को समाज सेवा शिविर का समापन हुआ। प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में साफ सफाई कर स्वच्छ वातावरण के प्रति अपना आत्मसमर्पण दिखाया। शिविर प्रभारी व्याख्याता प्रकाश चन्द गुर्जर ने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ समाजोन्मुखी कार्यों के प्रति रचनात्मक सहयोग की भावना रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रहरी के रूप में पौधारोपण, पक्षियों के लिए परिंडे बांधना और साफ सफाई का ध्यान रखना हमारा दायित्व हैं। विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में साफ सफाई कर और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया। इस दौरान एएओं हजारी लाल स्वामी समेत अन्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा ने कहा कि इस तरह के शिविरों से विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना जागृत होती है और वे एक सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक बनने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं।

# केसर ग्रुप द्वारा आयोजित एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

## आरकेआरसी टीम रही विजेता, संजय कॉलोनी उपविजेता

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा ( अमित शर्मा )।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत केसर ग्रुप के कमल सोनी द्वारा प्रायोजित एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता के समापन पर बहुत ही रोमांचक मुकाबले हुए है। समापन पर चार मैच आयोजित हुए। इन मुकाबलों में कुछ टीमें अपनी शानदार प्रदर्शन से आगे बढ़ गईं, जबकि कुछ को हार का सामना करना पड़ा। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि समापन पर अनिल बांगड़, सुरेश कचोलिया, कैलाश - कमल सोनी, प्रदीप लाठी, शांतिलाल डाड, तरुण सोमानी, अंकित सोमानी राकेश काबरा, महिला संगठन की सीमा कोगटा, प्रीति लोहिया,सुमन सोनी, सोनल माहेश्वरी का आतिथ्य प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ राष्ट्रगाण के साथ किया गया। महोत्सव संयोजक राधेश्याम सोमानी ने बताया की प्रथम मैच सेमी फाइनल भोपालगंज और संजय कॉलोनी के मध्य खेला गया जिसमें संजय कॉलोनी में प्रथम बैटिंग करते हुए 43/2 रन 6 ओवर में बनाए जिसके सामने भोपालगंज में 29/5 रन 6 ओवर में बनाए। सेमी फाइनल मे संजय कॉलोनी विजय रही और फाइनल में प्रवेश किया। बेस्ट प्लेयर का अवार्ड वृंदा सोमानी को दिया गया। द्वितीय सेमी फाइनल का मैच आरकेआरसी और चंद्रशेखर आजाद नगर के मध्य खेला गया जिसमें चंद्रशेखर आजाद नगर ने टॉस जीतकर फील्डिंग को चुना आरकेआरसी ने प्रथम बैटिंग करते हुए 85/0 रन का लक्ष्य 6 ओवर में खड़ा किया जिसको पीछा करते हुए चंद्रशेखर 29/3 ( 6.0) ओवर रन पर आउट हो गई। आर आरसी की टीम विजय रही और फाइनल में प्रवेश किया प्लेयर ऑफ द मैच छवि माहेश्वरी रही। थर्ड पोजिशन के लिए भोपालगंज और चंद्रशेखर आजाद नगर के मध्य खेला गया जिसमें चंद्रशेखर आजाद नगर ने टॉस जीतकर फील्डिंग को चुना। भोपालगंज ने प्रथम बैटिंग करते हुए 46 रन का लक्ष्य 6 ओवर में खड़ा किया जिसका पीछा करते हुए चंद्रशेखर आजाद नगर में 17 रन बनाएं बने। भोपालगंज विजय रही प्लेयर ऑफ द मैच अविका सोमानी रही। फाइनल मुकाबला संजय कॉलोनी और आरकेआरसी के मध्य खेला गया जिसमें संजय कॉलोनी ने प्रथम बैटिंग करते हुए 8 ओवर में 53/2 रन का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए आरकेआरसी टीम ने 54/1 रन (6.5) ओवर में बनाए और फाइनल मैच में आरकेआरसी टीम विजय रही। बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच निधि नावन्दर रही। बेस्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज छवि माहेश्वरी रही। मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा एवं अर्चित मूंदड़ा, सह प्रभारी अंकित लखोटिया, सहित एमपीएल मुख्य प्रभारी अंजना मालू व मधु देवपुरा सह प्रभारी अंकित लखोटिया, प्रदीप जागेटिया, अंकित सोमानी,सचिन काबरा, अरुण बियानी, का विशेष सहयोग रहा।



# माहेश्वरी समाज द्वारा कपासन में आयोजित शिविर में 117 यूनिट रक्तदान हुआ

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** माहेश्वरी समाज द्वारा नगर कपासन में स्थित रामद्वारा परिसर में रविवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे क्षेत्रीय आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कुल 117 यूनिट रक्तदान किया गया ।शिविर में श्री सांवलिया जिला चित्तौड़गढ़ ब्लड बैंक एवं चित्तौड़ ब्लड सेंटर द्वारा सहयोग प्रदान कर रक्त संग्रहित किया गया।

इस दौरान रक्तदान करने वालों का उपरना,प्रतीक चिन्ह एवं मेडिकल किट भेंटकर उत्साहवर्धन किया गया।

इस रक्तदान शिविर में रामप्रकाश सोमानी,हरकलाल लड्ढा,शिवप्रकाश सोमानी,ओम न्याति,भगवतीलाल सोमानी,राजेंद्र काबरा,सत्यनारायण सोमानी,प्रहलाद डाड,नरेश ईनाणी,अंकित सोमानी,राजकुमार सोमानी, प्रदीप सोमानी,नटवर भदादा,जगदीश लड्ढा,निर्मल मंडोवरा,हरीश मंडोवरा,आशीष काबरा,सुनील सोमानी,गोपाल काबरा,गोविंद सोमानी,हेमंत काबरा, अमित मूंदड़ा,चेतन सोमानी,ललित समदानी,स्वाति समदानी,शिवानी सोमानी,संतोष ईनाणी,पूर्णिमा सोमानी,बलदेव सोमानी,देवेंद्र सोमानी,रामा मेडिकल,

कपासन तहसील माहेश्वरी सभा अध्यक्ष देवेंद्र सोमानी,नगर सभा अध्यक्ष अशोक कुमार काबरा, कपासन तहसील संयोजक राकेश बंटी सोमानी, माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष दीनबंधु सोमानी, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष संगीता सोमानी, रामद्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष दामोदरलाल सोमानी,जिला तदर्थ समिति सदस्य रवींद्र सोमानी आदि गणनायजनों सहित युवा वर्ग द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

सीसोला में श्मशान भूमि पर अतिक्रमण का मामला

# पुलिस प्रशासन ने समझाइश कर करवाया अंतिम संस्कार



बढ़ता राजस्थान

**जजावर( पदम शाह )।** सीसोला पंचायत मुख्यालय पर रविवार को नाथ संप्रदाय समाज के श्मशान घाट के लिए राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार खसरा संख्या 1964/1963 में आंवटित 5 बीघा भूमि पर अतिक्रमियों ने शव को दफनाने से मना करने के बाद बनी विवाद की स्तिथि को पुलिस प्रशासन ने समझाईश के आधार पर सुलझाते हुए अपनी मौजुदगी मे शव का अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण माहौल मे करवा दिया। जानकारी के अनुसार सीसोला गांव मे आज नाथ संप्रदाय समाज के एक व्यक्ति रामप्रकाश योगी की मृत्यु हो गई जिसके बाद परिवार एवं समाज के कुछ लोग शव यात्रा से पहले समाज के श्मशान घाट पर शव को दफनाने के लिए समाधि तैयार करने के लिए गए तो गांव के ही कुछ अतिक्रमियों ने शव को दफनाने के लिए मना करते हुए काम को रुकवा दिया एवं शव को अन्यत्र स्थान पर दफनाने के लिए कहा इस मामले को लेकर वहां विवाद की स्तिथि पेदा हो गई । इस बीच मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार रामराय मीणा, एएसआई कमलसिंह पटवारी घनश्याम कहार भी मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंच गए एवं अतिक्रमियों से बातचीत कर श्मशान के लिए आंवटित 5 बीघा भूमि की स्तिथि बताते हुए समझाईश की काफी देर बाद सभी अतिक्रमि माहौल को देखते हुए प्रशासन की बात पर सहमत हो गए । समझाईश के बाद पुलिस प्रशासन ने अपनी मौजुदगी मे जेसीबी मशीन से समाधि का काम शुरु करवाया जिसके बाद मृतक की शव यात्रा श्मशान घाट पहुंची एवं प्रशासन की मौजुदगी मे परिजनो ने सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार शव को दफनाकर अंतिम संस्कार किया ।

# मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट का शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुकरणीय योगदानः महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के नेतृत्व में हो रहा सर्वांगीण विकास

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी( नि.स. )।** मेहंदीपुर बालाजी में ट्रस्ट के द्वारा इंग्लिश एजुकेशन के लिए भी महंत डॉ नरेशपुरी महाराज के सीबीएससी पैटर्न एमएनपी इंग्लिश मीडियम स्कूल मे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। बालाजी मंदिर ट्रस्ट का उद्देश्य है कि आने वाले समय में राजस्थान के बड़े शहरों में मिलने वाला शैक्षिक स्तर ट्रस्ट के शिक्षण संस्थानों में मिले। साथ ही बालाजी मंदिर महंत डॉ नरेशपुरी महाराज प्रयासरत है कि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक कमी के चलते अच्छी शिक्षा से वंचित ना रहे। इसके लिए श्री बालाजी महिला पीजी महाविद्यालय, श्री बालाजी शास्त्री संस्कृत महिला महाविद्यालय, महंत किशोरपुरी महिला ऑफ टेक्नॉलॉजी सहित अधिकतर शिक्षा संस्थानों में पूर्णतया निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। साथ ही बेहतर और योग्य शिक्षा के लिए डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था यहां मौजूद है। योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा कौशल विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ खेलकूद, योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का यहां लगातार आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी शिक्षण संस्थान सीसीटीवी कैमरे से लेस है।

शिक्षा के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा निरंतर प्रगति की जा रही है। धार्मिक नगरी में बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित महंत श्री किशोरपुरी चिकित्सालय में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा बालाजी मंदिर ट्रस्ट समय समय पर महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज के सानिध्य में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवा भी देते रहे है। आने वाले समय में स्वास्थ्य संबंधी क्षेत्र में आधुनिक टेक्नोलॉजी से बने संसाधन एवं मशीन लगाकर स्वास्थ्य प्रणाली को और भी बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा।

# नूतन स्पोर्ट्स क्लब का नि:शुल्क वालीबॉल प्रशिक्षण जारी

## विगत 25 वर्षों से दिया जा रहा है नि:शुल्क प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी दिया है इस क्लब ने

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** नूतन स्पोर्ट्स क्लब की ओर से कलेक्ट्री परिसर स्थित वालीबॉल ग्राउण्ड पर 15 मई से नि:शुल्क वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में 5 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के कुल 163 बच्चे सुबह एवं शाम को भाग ले रहे है। क्लब द्वारा सुबह एवं शाम को अलग अलग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है और इसकी निगरानी वरिष्ठ कोच लक्ष्मीनारायण नीलमणि, जयदीप सिंह, मांगीलाल बाथरा द्वारा की जाती है। क्लब के अध्यक्ष रतनलाल चावला ने बताया कि प्रतिवर्ष गर्मी में आयोजित होने वाला यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 15 जून तक प्रतिदिन शाम को वालीबॉल ग्राउण्ड पर समापन समारोह आयोजित किया जायेगा। प्रतिदिन कोच के रूप में पंकज व्यास, रणजीत चावला, जसवंत चावला, हेमंत राव, निशांत एवं राजू बच्चों को अनुशासित ढंग से वालीबॉल की बारिकियों से अवगत करा रहे है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय वालीबॉल के इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक विशेष रूप से उन्हे सर्व, फ्लोर टॉप स्पिन, जंप सर्व, ब्लॉक करना, डिग करना, बॉल को बम्प करना, बैक हैण्ड, सर्विस करने, फोर आर्म पास, ओवर हैण्ड पास, स्पाईक, स्मैश करने की विधि के साथ ही खेल के नियमों की जानकारी दे रहे है।

**क्लब की उपलब्धि :** नूतन स्पोर्ट्स क्लब गत वर्श जिला वालीबॉल प्रतियोगिता का विजेता रहा है। क्लब से जुड़े पांच खिलाड़ी राष्ट्रीयट स्तर पर खेल चुके है। क्लब कई राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय मेडल जीत चुका है। वर्श 2019 से 2022 के बीच ही क्लब से जुड़े लगभग एक दर्जन खिलाड़ी शारिरिक शिक्षक एवं कोच बन चुके है। विगत पच्चीस वर्षों से अधिक समय से लगातार आयोजित हो रहे इस नि:शुल्क वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे बच्चों के लिए क्लब के संरक्षक रतनलाल चावला (सेवा निवृत्तअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) द्वारा सुबह के नाश्ते की व्यवस्था की जाती है वही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोहरलाल खटीक द्वारा वालीबॉल तथा कीट की व्यवस्था सहित अन्य खर्चा वहन किया जाता है।

# महेश नवमी महोत्सव : रस्सा कस्सी प्रतियोगिता आयोजित, विजेताओ को किया पुरूस्कृत

## पुरुष वर्ग की 8 टीमों तथा महिला वर्ग में 6 टीमों ने लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

भीलवाडा (अमित शर्मा) । श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत तिलक नगर मंत्री राजेन्द्र कुमार पोरवाल वृन्दावन फार्मा द्वारा प्रायोजित रस्सा कस्सी प्रतियोगिता महेश स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित की गई। प्रभारी मनोज नकलक ने बताया की मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा व अर्चित मूंदड़ा के सान्धिय मे आयोजित रस्सा कस्सी प्रतियोगिता प्रतियोगिता मे पुरुष वर्ग के 8 टीमो तथा महिला वर्ग मे 6 टीमो ने भाग लिया। शुभारम्भ पर केदार गगरानी, संजय जागेटिया, अभिजीत सारडा, प्रहलाद नुवाल, प्रमोद डाड, राजेन्द्र जागेटिया, राजेन्द्र पोरवाल, कैलाश बाहेती, कमलेश लाठी, दिनेश हेड़ा का आतिथ्य प्राप्त हुआ।

मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि पुरुष वर्ग मे प्रथम संजय कॉलोनी, सेकंड आरकेआरसी ए, तृतीय आरकेआरसी बी रही। इसी तरह महिला वर्ग मे प्रथम आरकेआरसी ए, सेकंड आरकेआरसी बी, तृतीय चन्द्रशेखर आजाद नगर रही। अंत में सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गये।

# श्रमण संघीय महासाध्वीयो ने दो दिवसीय प्रवास हेतु कपासन में मंगल प्रवेश किया

## उदयपुर चातुर्मास हेतु मंगलवार को विहार होगा



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। श्रमण संघीय महासाध्वियों द्वारा जयघोष नारो के साथ रविवार को दो दिवसीय प्रवास हेतु नगर में मंगल प्रवेश किया गया ।साथ ही साध्वियों द्वारा उदयपुर चातुर्मास हेतु मंगलवार को विहार किया जायेगा। जानकारी अनुसार श्रमण संघीय महासाध्वी मणी प्रभा म.सा. द्वारा श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में जयघोष के साथ नगर में मंगल प्रवेश किया गया। यहां श्रमण संघीय महासाध्वी शासन प्रभाविका मणी प्रभा म.सा.,साध्वी सुमन प्रभा म.सा.,साध्वी रुचिका म.सा. आदि ठाणा 3 द्वारा समीपवर्ती ग्राम गौराजी का निम्बाहेड़ा से प्रात: 6 बजे विहार तथा 8 बजे नगर कपासन में स्थित अंबेश भवन मे जयघोष नारो के साथ मंगल प्रवेश किया गया ।इस दौरान रतन चंडालिया,कुलदीप बापना,गजेंद्र ढ़िलीवाल,आशीष आंचलिया, नवीन कोठारी,अर्पित सांवला आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। इधर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि साध्वी मणि प्रभा म.सा. का उदयपुर हिरण मगरी सेक्टर 3 मे 2025 का चार्तुमास निर्धारित है ।साथ ही नगर कपासन में निर्धारित दो दिवसीय प्रवास के दौरान साध्वियों का प्रथम रविवार दिवस अंबेश भवन तथा द्वितीय दिवस सोमवार को आदर्श कॉलोनी में प्रवास होगा ।इसके उपरांत मंगलवार को साध्वियों द्वारा श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में विहार किया जायेगा ।जिसमे धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित होकर विहार सेवा मे जिनशासन की महती प्रभावना करे।

# प्रदेश कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक माल्यार्पण के साथ स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का रविवार को प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. ललित बोरीवाल के संयोजन में समारोहपूर्वक स्वागत आयोजित किया गया ।समारोह में उपस्थित प्रदेश प्रभारी आशीष पाल पद्मावत ने कहाकि कांग्रेस आमजन की सेवा करने का उद्देश्य रखती हैं ।साथ ही कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की रीती-नीति को आम आदमी तक पहुंचाने का आह्वान किया गया ।इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सदस्य डॉ. ललित बोरीवाल ने कहा जो कार्यकर्ता जिम्मेदारी एवं मेहनत से संगठनात्मक कार्य करता है ।उसे संगठन में अवसर मिलता है ।प्रदेश कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष जनहित एवं संगठनात्मक कार्यों को त्वरित पूर्ण करने हेतु समर्पित रहे। पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि समारोह में नवनियुक्त पहुंना मण्डल अध्यक्ष रतनलाल अहीर लालपुरा,राशमी मण्डल रोशनलाल जाट आरणी,रुद मण्डल नारायणलाल गुर्जर भालोटा की खेड़ी,भीमगढ़ मण्डल देवीलाल भील अडाना,भूपालसागर मण्डल पुरूषोतम टांक,आकोला ग्रामीण मण्डल चमन खटीक ताणा,सिंहपुर मण्डल शांतिलाल डांगी कोदीयाखेड़ी,शनिमहाराज मण्डल कैलाश गाडरी रुदडी,कपासन ग्रामीण मण्डल शोभालाल जाट बालारडा,बानसेन मण्डल अशोक लड्डा,भादसोडा मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह चौहान,प्रदेश कांग्रेस सदस्य

प्रमोद सिसोदिया,अजय शर्मा,अजमल काठात,पूर्व प्रधान शिवशंकर रेवाड़ा,पूर्व नपा अध्यक्ष प्रमोद मोदी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद गुर्जर,दिनेश चाष्टा,पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका पार्षद हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी,पूर्व पार्षद शिवशंकर उपाध्याय,पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष सैयद अख्तर अली बुखारी,नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार,पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,रईस खान,प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अकरम मंसूरी,युवा नेता सत्यनारायण चोटिया, पारसमल लखारा,पुलकित डीडवाना मधुसूदन कुमावत आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस समारोह का संचालन सत्यप्रकाश व्यास द्वारा किया गया।

# अमित मेडतवाल बने तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष, तेयुप भीलवाड़ा का वार्षिक अधिवेशन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** तेरापंथ युवक परिषद संस्था का वार्षिक अधिवेशन रविवार को स्थानीय तेरापंथ भवन नागोरी गार्डन में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के उच्चारण एवं विजय गीत के संगान से प्रारम्भ हुआ साथ ही महासभा उपाध्यक्ष निर्मल गौखरू ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया गया । तेयुप मंत्री महावीर खाब्या ने संस्था द्वारा वर्ष 2024-25 में किए कार्यों की गति प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की । आय व्यय का लेखा जोखा कोषाध्यक्ष शीर्षक नैनावटी ने प्रस्तुत किया अध्यक्ष पीयूष रांका ने सभी का स्वागत किया । तेयुप पूर्व अध्यक्ष अमित महता ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में सभाध्यक्ष जसराज चौरडिया, अभातेयुप के राष्ट्रीय सलाहकार गौतम दुगड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप मारू ने अपने विचार व्यक्त किए । तत्पश्चात मंच चुनाव अधिकारी ललित दुगड़ एवं संतोष सिंघी को सौंप दिया गया । चुनाव अधिकारी ने सत्र



2025-26 के लिए संस्था के अध्यक्ष पद पर अमित मेडतवाल को निर्विरोध मनोनीत किया गया। नवमनोनित अध्यक्ष अमित मेडतवाल ने अपने पद की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए समाज के विकास में युवकों की सक्रिय भागीदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया साथ की आगामी वर्ष में समाज के सभी युवा साथियों को साथ लेकर चलने की बात कही और विकास के कार्यों को एक नए आयाम तक ले जाने संकल्प दोहराया, नवमनोनित अध्यक्ष मेडतवाल ने कहा कि तेरापंथ युवक परिषद का उद्देश्य युवा पीढ़ी को न केवल धर्म के प्रति जागरूक करना है बल्कि उन्हें सामाजिक कार्यों के माध्यम से जन कल्याण के कार्यक्रमों में सक्रिय बनाना है ।

अमित मेडतवाल के अध्यक्ष बनने पर पूर्व अध्यक्ष अमित महता, सुनील दक, राकेश झाबक, पवन कोठारी, दिनेश पितलिया, सुनील बनवट, पारसमल बोहरा, शैलेन्द्र बोरदिया, प्रभाकर नैनावटी, अशोक सिंघवी, प्रकाश पितलिया, राकेश हिरण, अमरचंद रांका, अभिषेक आंचलिया, मनीष बोरदिया, नीरज आंचलिया, मनोज दक, तेजसिंह बोहरा, अनुराग नैनावटी, राजेश खाब्या, अरिहंत नैनावटी, मुकेश हिरण, अजय नौलखा, राकेश कांठेड़, हनुमान चोरड़िया, पारस हिरण, किरण मेडतवाल, दीपक सिंघवी, सुनील श्रीश्रीमाल, दिनेश गांधी, अशोक श्रीश्रीमाल, विनोद मारू, कमलेश बापना, दीपक दुगड़, विनीत रांका ने स्वागत किया।

# त्वचा हेल्दी बनाए रखने के लिए कौन सा विटामिन है आपके लिए ज्यादा फायदेमंद, विटामिन सी या विटामिन ई



आपकी त्वचा को उचित पोषण की आवश्यकता होती है। स्वाभाविक रूप से चमकती त्वचा के लिए आपको विभिन्न कारकों का ध्यान रखना चाहिए। आहार से लेकर पर्यावरणीय तथ्यों तक कई कारक हैं जो आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। सही पोषक तत्व आपकी त्वचा के स्वास्थ्य का समर्थन करेंगे और आपको निर्दोष त्वचा देंगे। कई विटामिन आपकी त्वचा के लिए अद्भुत काम करते हैं और आपको कई त्वचा मुद्दों से लड़ने में मदद करते हैं। आप मुँहासे, संक्रमण, काले धब्बे, शुष्क त्वचा, उम्र बढ़ने के संकेत और सही विटामिन के साथ कई तरह की त्वचा के मुद्दों से लड़ सकते हैं। विटामिन सी और ई दो आवश्यक विटामिन हैं जो आपको विभिन्न त्वचा मुद्दों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त करने के लिए आप इन दोनों को मिला सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन सी :** विटामिन सी आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विटामिन आपकी त्वचा के स्वास्थ्य के लिए वरदान है। विटामिन सी आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने में आपकी मदद करता है। यह एन डिटॉक्सीफिकेशन में मदद करता है जिसके परिणामस्वरूप त्वचा में चमक आती है। विटामिन सी भी त्वचा टोन को बढ़ावा देता है और रंजकता और लालिमा को कम करता है। यह कोलेजन उत्पादन को भी बढ़ावा देता है। विटामिन सी आपको जवां त्वचा देगा। यह डार्क स्पॉट्स को भी कम करता है। मुख्य रूप से खट्टे खाद्य पदार्थों में विटामिन सी के कई खाद्य स्त्रोत हैं। आप इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को लाभ प्रदान करेंगे। आप अपने चेहरे पर विटामिन सी सीरम भी लगा सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन ई :** विटामिन ई आपकी त्वचा के लिए एक और अद्भुत विटामिन है। यह बालों के स्वास्थ्य को बढ़ाने में भी आपकी मदद कर सकता है। विटामिन ई सेल फंक्शन और त्वचा स्वास्थ्य का समर्थन करता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। विटामिन ई यूवी नुकसान को कम करने में भी मदद कर सकता है। आप विटामिन ई की मदद से उम्र बढ़ने के संकेतों से भी लड़ सकते हैं। आप अपने आहार में विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। विटामिन ई के कुछ खाद्य स्त्रोतों में शामिल हैं- बादाम, सूरजमुखी के बीज, मूंगफली, हेज़लनट्स, गेहूं के बीज, सोयाबीन का तेल और कई और। विटामिन ई की खुराक भी आसानी से उपलब्ध है। आप आवेदन के लिए विटामिन ई कैप्सूल से अर्क का उपयोग कर सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन सी और ई: कैसे उपयोग करें :** आप आवेदन के लिए विटामिन सी और ई सीरम को मिला सकते हैं। विभिन्न त्वचा मुद्दों से लड़ने के लिए विटामिन सी और ई सप्लीमेंट के अर्क को अलग-अलग फेस पैक या किचन सामग्री में मिलाया जा सकता है।

# अनचाहे बालों से छुटकारा पाना है, आपके लिए हेयर रिमूविंग के कुछ खास प्रचलित तरीके

अधिकांश महिलाओं के 30 प्रतिशत और पुरुषों के 90 प्रतिशत शरीर पर बाल होते हैं। इनमें भौंह, सीना, कमर, प्यूबिक एरिया, अंडरआर्म्स, चेहरे, हाथ, पैरों आदि पर प्रमुखता से बाल पाए जाते हैं। अक्सर लोगों की इच्छा होती है कि इनमें से कुछ जगहों के बाल हटा दियें जाएं। जिससे उनकी त्वचा साफ-सुथरी दिख सके। हालांकि, खुशी की बात ये है कि कई तकनीकों की मदद से अब अनचाहे बालों से छुटकारा पाने की प्रक्रिया बहुत आसान हो गई है। इनमें से सबसे प्रचलित और आसान तरीकों के विषय में आज हम चर्चा करेंगे।

**प्लकिंग :** ट्वीज़र की मदद से बालों को खींचकर निकाला जाता है। यह खासकर आईब्रो के बालों को शेप करने के लिए उपयोग किया जाता है। यह बालों को हटाने का बेहद सस्ता विकल्प है। साथ ही इसकी मदद से हटाए गए बाल वापस आने में कुछ महीनों का वक्त लेते हैं। इसलिए ये तरीका बेहद प्रचलित और कारगर है। लेकिन ज्यादा प्लकिंग से निशान पड़ने और छोटे-छोटे बालों के उगने की समस्या भी हो जाती है। आज कल बाजार में हाई टेक एपिलैप्टर उपलब्ध हैं। जिनमें इलेक्ट्रिक करेंट का उपयोग होता है और यह बालों से जल्द छुटकारा दिला देते हैं।

**थ्रेडिंग :** इस तकनीक से सबसे ज्यादा ब्यूटी पार्लर और सैलून में बालों को रिमूव किया जाता है। इस तकनीक से महिलाओं के चेहरे के छोटे-बालों को आसानी से हटाया जा सकता है। इसमें दो धागों को घुमाकर बालों को हटाया जाता है। थ्रेडिंग के बाद वापस बाल आने में 4 से 5 हफ्तों का समय लगता है।एशिया और मिडिल ईस्ट की महिलाएं खास तौर पर थ्रेडिंग का उपयोग करती हैं। जबकि एक अध्ययन में पाया गया है कि थ्रेडिंग से त्वचा चिकनी और साफ रहती है। अमेरिका में तो यह आमतौर पर भौंहों के बाल साफ़ करने के लिए इस तकनीक का प्रयोग किया जाता है।



**वैक्सिंग :** यह भी सबसे प्रचलित तरीकों से में एक है। वैक्सिंग में पिघली मोम को उस जगह पर लगाया जाता है और फिर उसपर कपड़ा या कॉटन स्ट्रिप लगा कर जोर से खींच दिया जाता है। इससे भी बाल जड़ से निकल जाते हैं और वापस आने में इन्हें तकरीबन एक महीने का समय लगता है। यदि आप स्वयं करते हैं, तो अपने बालों को बढ़ने की दिशा में मोम फैलाएं। अपने लैशेस, कान, निपल्स और जननांगों को साफ करें।

**लेज़र हेयर रिमूवल :** यह हाई टेक तरीका आजकल काफी प्रचलन में है। इससे बालों से हमेशा के लिए तो छुटकारा नहीं मिलता लेकिन फिर भी प्लकिंग, थ्रेडिंग या वैक्सिंग की अपेक्षा इससे लंबे समय तक बाल दोबारा उगने में वक्त लगता है। इससे लाइट बीम के माध्यम से बालों पिघल जाते हैं और हेयर फॉलिकल नष्ट कर दिए जाते हैं। हालांकि, यह तरीका थोड़ा महंगा होता है। पूरे शरीर के बाल हटाने में कम से कम 6 से 7 सत्र लगते हैं। इसे साल में कम से कम दो बार करवाना पड़ता है। यह हमेशा के लिए इलाज नहीं है। दूसरी बात समय के साथ वापस उगने वाले बाल आमतौर पर पतले और महीन होते हैं।

**शेविंग :** अगर मीटिंग, शादी या किसी फंक्शन में अचानक जाना हो और आपके पास पार्लर जाने का टाइम नहीं तो शेविंग से झटपट बालों से छुटकारा पाया जा सकता है। मार्केट में कई तरह के रेज़र उपलब्ध हैं, जो कि महिला और पुरुष दोनों के लिए अनचाहे बाल हटाने के लिए बेहद कारगर साबित होते हैं। हालांकि, इससे बाल जड़ तक हट नहीं पाते। इसलिए एक दो दिन में दोबारा उनकी ग्रोथ दिखने लगती है। आजकल बाजार में कुछ कंपनी ने इलेक्ट्रिक व डिस्पोजेबल रेज़र भी निकालें हैं। जो कि महिला और पुरुष दोनों की जरूरतों के हिसाब से अलग-अलग आते हैं।

## इलेक्ट्रोलिसिस

हेयर रिमूवल में यही एक तरीका है जो कि परमानेंट माना जा सकता है। इसमें हेयर फॉलिकल को इलेक्ट्रिक करेंट से हटा दिया जाता है। यह ट्रीटमेंट महंगा होता है। इस प्रक्रिया के दौरान काफी दर्द भी होता है। इसे करवाने में समय लगता है, भले ही आप इसे बालों वाली छोटी जगह पर ही क्यों ना करवाएं। कई ट्रांसजेंडर लोग इसके प्रभावी, स्थायी परिणामों के कारण इस तकनीक का चुनाव करते हैं। लेकिन यह महंगी है। यदि आप ऐसी कोई तकनीक अपनाना चाहते हैं तो किसी अच्छे एक्सपर्ट से राय लेना उचित है।

## कान-नाक के बाल

आपकी नाक के बाल या कुछ आदमियों में कान में भी बाल होते हैं, जो कि किसी भी प्रकार के जीवाणुओं या धूल के कणों को नष्ट करने के लिए होते हैं। हालांकि बाल अधिक उम्र में ही आपको खास परेशान करते हैं। इन बालों से छुटकारा पाने का सबसे सुरक्षित तरीका है गोल किनारों वाली कम तेज कैंची जो खासकर नाक के बाल काटने के लिए ही बनाई गई है या इलेक्ट्रिक ट्रिमर व कान के बाल के लिए डिट्टो। कानों के लिए आप, महंगा जरुर है, लेकिन स्थायी इलेक्ट्रोलिसिस का विकल्प भी चुन सकते हैं।

# चेहरे पर लगाएं केसर और मुल्तानी मिट्टी से बना फेस पैक दूर होंगी त्वचा की कई समस्याएं

केसर बहुत ही महंगा मसाला है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर मीठे पकवानों को बनाने के लिए किया जाता है। यह जितना खाने का स्वाद बढ़ाता है, उतना ही स्किन के लिए फायदेमंद हैं। केसर के गुणों को देखते हुए आज कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट को बनाने में केसर का इस्तेमाल किया जाता है। यह त्वचा संबंधित कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। वहीं, भारत में गर्मियों में होने वाली स्किन प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए प्रचुर मात्रा में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। मुल्तानी मिट्टी के पोषक तत्व चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल निकालकर पिंपल्स, एक्ने और मुंहासों से छुटकारा दिलाता है। अब जरा सोचिए जो 2 चीजें अलग-अलग स्किन को इतना फायदा पहुंचाती हैं, वो जब एक साथ मिलेंगी, तो आपकी स्किन पर कितना पॉजिटिव इफेक्ट डालेंगी।



## चेहरे पर कैसे लगाएं मुल्तानी मिट्टी और केसर

चेहरे मुल्तानी मिट्टी और केसर का इस्तेमाल फेस स्क्रब और फेस पैक के तौर पर किया जा सकता है। इसके अलावा आप क्लींजर के तौर पर भी मुल्तानी मिट्टी और केसर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कैसे बनाएं केसर और मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक

**सामग्री की लिस्ट :**

- केसर के आधे- 2 से 4 रेशे
- मुल्तानी मिट्टी- 2 चम्मच
- शहद- 1 चम्मच
- गुलाब जल- 2 चम्मच

## बनाने का तरीका

- सबसे पहले गुलाब जल में केसर के धागों को भिगो दें।
- इसके बाद एक बाउल में मुल्तानी मिट्टी और शहद मिलाएं।
- इस मिश्रण में गुलाब जल और केसर का पानी डालें।
- इस मिश्रण को मिलाते वक्त ध्यान रहे कि इसमें गांठ न हों।
- चेहरे पर इस्तेमाल करने के लिए आपका फेस पैक तैयार हो चुका है।
- एक आम फेस पैक की तरह आप चेहरे पर इसे लगाएं।
- 10 से 15 मिनट के बाद जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को धो लें।
- स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए इस फेस पैक का इस्तेमाल सप्ताह में 2 बार करें।

## स्किन से एक्सेस ऑयल हटाने में मददगार

एक्सपर्ट का कहना है, मुल्तानी मिट्टी गर्मी के मौसम में त्वचा पर जमा होने वाले एक्सेस ऑयल को हटाने में मदद करता है। जिसकी वजह से चेहरे पर पिंपल्स और एक्ने की समस्या नहीं होती है। जिन लोगों की स्किन ऑयली है, उनके लिए यह फेस पैक बहुत फायदेमंद साबित होता है।

## रंगत को निखारता है

केसर से बना फेस पैक चेहरे पर लगाने से यह स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है, जिसकी वजह से डेड सेल्स कम होते हैं और रंगत में निखार आता है।

## डार्क सर्कल ठीक करे

लॉन्ग स्क्रीन टाइमिंग की वजह से इन दिनों लोगों को डार्क सर्कल की प्रॉब्लम बहुत ज्यादा होती है। डार्क सर्कल की प्रॉब्लम से केसर छुटकारा दिलाने में मदद करता है। केसर अपने औषधीय गुण से आंख के नीचे के डार्क सर्कल को कम करता है। एक्सपर्ट का कहना है कि सप्ताह में 2 बार इस फेस पैक का इस्तेमाल करके डार्क सर्कल खत्म होते हैं।

# शरीर में दिखने वाले ये अनजाने कारण हैं हार्ट अटैक का संकेत, क्या हैं बचने के उपाय

मौजूदा वक्त में कई व्यक्ति किसी न किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जुझते रहते है। कई बढ़ती उम्र के कारण बीमार हो जाते है तो कई को अचानक कोई बीमारी घेर लेती है। इन्हीं सब बीमारियों में से एक घातक बीमारी हार्ट अटैक है। जैसा कि हम जानते है कि हार्ट अर्थात दिल हमारे शरीर का एक अभिन्न अंग है। इसके बिना कोई भी इंसान अपनी जीवन की परिकल्पना नहीं कर सकता है।

## नींद में कमी आना

अगर आप प्रतिदिन पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे है, जिसके कारण आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होते जा रहा है। ऐसी स्थिति में आपको दिल का दौरा पड़ने की संभावनाएं बढ़ जाती है। एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने ये बताया कि जो लोग आमतौर पर रात में 6 घंटे से कम सोते हैं, उन्हें दिल का दौरा पड़ने की संभावना सामन्य व्यक्ति से दोगुनी हो जाती है। कम नींद की वजह से इंसान कि रक्त की गति भी बढ़ जाती है। जो दिल के स्वास्थय के लिए अच्छा नहीं माना जाता है।

## सांस फूलना या सांस लेने में परेशानी आना

अगर किसी व्यक्ति को अचानक या हल्के-फुल्के काम से सांस लेने में दिक्कत आने लगे या सांस फूलने लगे तो उसे समझ लेना चाहिए कि उसका दिल सही से काम नहीं कर रहा है। शरीर में आने वाले ये बदलाव हार्ट अटैक के सीधे लक्षण को दिखाता है।


## चक्कर आना या घबराहट महसूस करना

इंसान का दिल जैसे-जैसे कमजोर होने लगता है, वह सही से इंसान के पुरे शरीर में रक्त का संचार नही कर पाता है। जिसकी वजह से व्यक्ति के दिमाग में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नही मिल पाता है। इसी कारण इंसान को चक्कर आने की स्थिति पैदा हो जाती है। उसे हर छोटी से छोटी बात को लेकर घबराहट होने लगती है। इंसान के ये बदलाव हार्ट अटैक के गंभीर लक्षणों को दर्शाता है।

## धड़कनो मे तेजी व अधिक पसीना आना

कई बार इंसान को अचानक तेज पसीना आने लगता है। जबकि पसीना आने का कारण न तो शारीरिक श्रम होता है और न ही तेज गर्मी। इस तरह की कमजोरी हमारी दिल के कमजोरी को दर्शाता है। और ये हार्ट अटैक के लक्षण भी माने जाते हैं। कई बार हमारी दिल की धड़कनें काफी तेज या बहुत धीमी हो जाती है। यह भी हमारी दिल कि कमजोरियों को दर्शाती है। हमे ऐसा महसूस होता है जैसे हमारा दिल सिकुड़ रहा है।

इस कारण हमें तेज घबराहट भी होने लगती है। इस तरह के लक्षण को हमें कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये हार्ट अटैक के प्रभावी लक्षण माने जाते हैं। हार्ट अटैक भी अन्य बीमारियों कि तरह एक बीमारी है। अगर हम इसके लक्षणों पर सही से ध्यान दें तो हम इस जानलेवा बीमारी से समय रहते पार पा सकते है और ठीक हो सकते है।



## शरीर के किसी भाग में सूजन

हमारा दिल शरीर के सभी अंगों में रक्त पहुंचाने का कार्य करता है। ऐसे में जब हमें हार्ट संबंधी दिक्कतें आती है तो दिल को शरीर के सभी भाग में रक्त पहुंचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। जिसके कारण शरीर में सही तरह से रक्त का संचार नही हो पाता है। जिस-जिस भाग में रक्त का संचार सही से नहीं हो पाता है शरीर के उस भाग में सूजन आ जाती है। ये सूजन हार्ट अटैक आने के पहले के लक्षण को बताता है।

# इन तरीकों से कम करें कैलोरी इनटेक, वेट लॉस में मिलेगी मदद



वर्तमान समय में मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुका है। आजकल हर दूसरा व्यक्ति अपने बढ़े हुए वजन से परेशान है। वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। लेकिन कई बार डाइटिंग करने और घंटों जिम में पसीना बहाने के बाद भी वजन कम नहीं होता है। दरअसल, वजन कम करने के लिए कैलोरी इनटेक पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हम दिनभर में जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज्यादा कैलोरी बर्न करना वेट लॉस के लिए जरूरी माना जाता है। कैलोरी इनटेक कम होने पर शरीर फैट को एनर्जी में बदलकर उसका इस्तेमाल करता है। इससे शरीर का वजन कम होने लगता है। कई लोग कैलोरी इनटेक को कम करने के लिए बहुत कम खाना शुरू कर देते हैं या मील स्किप करने लगते हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा कम कैलोरी लेने से आपको कमजोरी महसूस हो सकती है।

## डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं

अगर आप अपने कैलोरी इनटेक को कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं। प्रोटीन खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और आप ज्यादा खाने से बच जाते हैं। प्रोटीन मेटाबॉलिक रेट को भी बढ़ाता है, जिससे एक्स्ट्रा कैलोरी और फैट को बर्न करने में मदद मिलती है।

## पानी पिएं

कैलोरी इनटेक को कम करने का सबसे आसान तरीका पानी पीना है। शरीर में पानी की कमी होने पर व्यक्ति को बार-बार भूख का एहसास होता है। ऐसे में हम ज्यादा खाना खा लेते हैं, जिससे वजन बढ़ने लगता है। इसलिए आपको भरपूर मात्रा में पानी पीने की कोशिश करनी चाहिए। खासतौर पर, खाना खाने से आधे घंटे पहले एक से दो गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। इससे आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और आप ओवरईटिंग से बच जाएंगे।

## छोटी प्लेट में खाना खाएं

आपको यह पढ़कर भले ही हैरानी हो, लेकिन छोटी प्लेट में खाना खाकर भी आप कैलोरी इनटेक को कम कर सकते हैं। दरअसल, जब हम बड़ी प्लेट में खाना खाते हैं, तो पोर्शन साइज भी अपने आप बढ़ जाता है। वहीं, जब आप छोटी प्लेट में खाएंगे, तो खाना कम परोसेंगे।

# क्या आपके पेट से भी आती है गुड़गुड़ की आवाज? इसकी वजह और बचाव के तरीके

असल में पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ के पीछे कुछ वजहें होती हैं। जिनमें से मुख्य हैं- भूख लगना, हाज़मा सही ना होना और तेज मसालेदार खाने का सेवन करना। आज के इस आर्टिकल के माध्यम से हम समझने की कोशिश करेंगे कि पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ के क्या कारण हैं और हम कैसे इससे निजात पा सकते हैं।

**खाना पचाने में मदद करना :** जी हां, पेट से आने वाली गुड़गुड़ की आवाज़ का सम्बन्ध पाचन क्रिया से भी है। दरअसल,खाने के हमारी छोटी आंत में पहुंचते ही, शरीर से एंजाइम्स निकलने शुरू हो जाते हैं, जिनकी सहायता से खाना पचाने में मदद मिलती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान गैस और पचे हुए खाने का मूवमेंट डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में होता है, फलस्वरूप हमें पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ सुनाई देती है।

**भूख लगने पर :** आपने महसूस किया होगा कि भूख लगने पर अक्सर हमारे पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आती है। इसके पीछे की मुख्य वजह है शरीर द्वारा एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण। दरअसल, खाना पचाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शरीर एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण करता है और पेट चूंकि खाली होता है तो इसमें से रह-रहकर आवाज़ आनी शुरू हो जाती है। ख़ास कर तब तक, जब तक की आप कुछ खा नहीं लेते।



**खली पेट नहीं रहें :** कोशिश करें कि दिन में थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ ना कुछ जरूर खाएं। खाली पेट नहीं रहें, इससे आपके पेट में गैस बनेगी जिसके चलते पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आनी शुरू हो सकती है।

**चबा-चबा के खाएं :** खाना हमेशा चबा-चबा के खाएं इससे आपकी पाचन क्रिया आसान होगी और आपने जो कुछ भी खाया है, उसे पचा पाना शरीर के लिए भी आसान होगा। इससे आपका पेट भी ठीक रहेगा और गैस आदि की दिक्कतों के साथ ही पेट से आने वाली आवाज़ भी काफी हद तक शांत हो जाएगी।

**पानी पिएं :** पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ को शांत करने का सबसे आसान उपाय है पानी पीना। जी हां, आपने भले ही खाना खा लिया हो या आप भूखे पेट हों दोनों ही मामलों में पानी पीना आपके लिए फायदे का सौदा है। दिन भर में यदि आप उचित मात्रा में पानी पीते हैं, तो आपको पेट की इस समस्या से काफी हद तक आराम मिल जाएगा।



**एसिडिक और तेज मसाले वाले खाने से बचें :** एसिडिक और तेज मसाले वाला खाना यदि आप नियमित रूप से खा रहे हैं तो इससे बचें। यह ना सिर्फ आपको गैस संबंधी दिक्कत से दो-चार करवाएगा, बल्कि पेट की अन्य गंभीर समस्या भी ऐसे खाने से हो सकती हैं।

**शांत रहे :** कुछ तनावपूर्ण स्थितियों में जैसे कि नौकरी के लिए साक्षात्कार, कार्य और इंटरव्यू, या टेस्ट के दौरान पेट का गड़गड़ाना अधिक हो सकता है। इसका कारण यह है कि पेट चाहे भरा हो या खाली इस के बावजूद, चिंता की कारण आंतो की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। तनावग्रस्त होने से पाचन धीमा हो जाता है और अपच की समस्या होने लगती है।

# एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में सचिन यादव ने सिल्वर जीता

## जेवलिन इवेंट में 85.16 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो किया; पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम गोल्ड



साउथ कोरिया।

एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के सचिन यादव ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। शनिवार को जेवलिन इवेंट में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86.40 मीटर का आखिरी थ्रो फेंककर गोल्ड जीता। साउथ कोरिया के गुमी में हो रहे टूर्नामेंट में भारत पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर हैं। देश के 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज सहित 24 मेडल हो गए हैं। शुरुआत में भारत के सचिन यादव मेडल की दौड़ से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने अंतिम 2 थ्रो में 83.03 मीटर और 85.16 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता। सचिन के अलावा, यशवीर सिंह 82.57 मीटर के अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के साथ 5वें स्थान पर रहे।

**सचिन-यशवीर वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंचे :** सचिन यादव और यशवीर सिंह अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के बावजूद वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाए। इसके लिए एथलीट को मिनिमम 85.50 मीटर थ्रो की आवश्यकता होती है।

### पेरिस के बाद अरशद का पहला टूर्नामेंट

पेरिस ओलिंपिक 2024 में गोल्ड जीतने के बाद अरशद नदीम की यह पहली प्रतियोगिता थी। उन्होंने 86.34 मीटर के थ्रो के साथ हीट में टॉप स्थान हासिल करके इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में, अरशद के पहले दो थ्रो निराशाजनक रहे, लेकिन उन्होंने दिन के अपने तीसरे थ्रो के साथ 85 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। इसके बाद से, वे बढ़त में बने रहे और गोल्ड जीता। वहीं नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग इवेंट के लिए इस टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था।

### अनिमेष ने ब्रॉन्ज अपने नाम किया

भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेंस 200 मीटर के फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल रेस में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकेंड का नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इस 21 साल के प्लेयर ने 20.40 सेकेंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी ( 20.31 सेकेंड ) ने सिल्वर जीता।

# मध्यप्रदेश लीग का सीजन 2 रचेगा इतिहास : ज्योतिरादित्य सिंधिया

इंदौर।

केंद्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आगामी मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) सीजन 2 को ऐतिहासिक बताते हुए इसे प्रदेश के खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया है। यह बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट 12 जून से ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट संघ (जीडीसीए) द्वारा एमपीसीए के तत्वावधान में आयोजित यह पुरुषों की टी20 लीग, पिछले सीजन की अपार सफलता के बाद और भी व्यापक रूप में सामने आ रही है। इस बार दो नई टीमों- चंबल घड़ियाल्स और बुंदेलखंड बुल्स को जोड़ा गया है, जिससे कुल टीमों की संख्या सात हो गई है। सिंधिया ने कहा, मध्यप्रदेश लीग ने देश की क्रिकेट लीगों में पहले ही अपनी खास जगह बना ली है। मुझे विश्वास है कि यह सीजन न केवल रोमांचक होगा, बल्कि इतिहास भी रचेगा। हमारे कई युवा खिलाड़ी पहले ही




आईपीएल में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं और यह मंच भविष्य के सितारों को जन्म देगा। इस साल एमपीएल ने हरित पहल के रूप में एक नई शुरुआत की है। सिंधिया ने बताया कि इस बार एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है, जिसमें हर डॉट बॉल पर एक पेड़ लगाया जाएगा।

यह सिर्फ खेल नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। फैंस के रोमांच को और बढ़ाने के लिए एमपीएल ने 'एमपीएल क्रिकेट क्लैश' नाम से एक एक्सक्लूसिव मोबाइल गेमिंग ऐप भी लॉन्च किया है। यह एक फ्री टू प्ले गेम है, जिसमें उपयोगकर्ता वर्चुअली अपनी पसंदीदा टीम चुनकर लीग का आनंद ले सकते हैं।

### महिला लीग की नई शुरुआत

सीजन-2 से महिला क्रिकेट लीग की भी शुरुआत की जा रही है। पुरुषों के मैचों के साथ ही महिला मुकाबले भी खेले जाएंगे। महिला लीग में तीन टीमें भोपाल वोल्व्स, चंबल घड़ियाल्स और बुंदेलखंड बुल्स भाग लेंगी।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह-सपा सांसद प्रिया की सगाई 8 जून को

## लखनऊ के होटल में रिंग सेरेमनी होगी; 6 महीने बाद वाराणसी में शादी

वाराणसी।

जौनपुर की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। 8 जून को लखनऊ के सेवन स्टार होटल में रिंग सेरेमनी में होगी। शादी करीब 6 महीने बाद 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। यह जानकारी प्रिया के विधायक पिता तूफानी सरोज ने दी। उन्होंने बताया- रिंग सेरेमनी में रिंकू और मेरे परिवार के करीबी लोग मौजूद रहेंगे। जबकि शादी में राजनेता, फिल्म स्टार और उद्योगपतियों को निमंत्रण भेजा जाएगा। शादी पारंपरिक तरीके से होगी। जनवरी, 2025 में क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज के रोके की खबर सामने आई थी, जिसकी पुष्टि सांसद प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने की थी। उन्होंने कहा था- बेटी की शादी रिंकू सिंह से तय हुई है और जल्द ही रिंग सेरेमनी की जाएगी।

### क्रिकेटर की शादी में पहली बार मिले थे रिंकू-प्रिया

रिंकू और प्रिया की लवस्टोरी दिलचस्प है। बात करीब 2 साल पहले की। आईपीएल 2023 में रिंकू ने लगातार 5 छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स को आखिरी ओवर में जीत दिलाई। इसके बाद रिंकू की





केकेआर के सीनियर क्रिकेटर से नजदीकियां बढ़ गईं। इसी बीच, सीनियर क्रिकेटर की दिल्ली में शादी हुई। इसमें क्रिकेटर ने रिंकू और अपनी पत्नी की दोस्त प्रिया को बुलाया। रिंकू-प्रिया पहली बार इसी पार्टी में मिले। क्रिकेटर की पत्नी ने दोनों का परिचय कराया, फिर दोनों में बातचीत शुरू हो गई। रिंकू के परिवार से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया था- केकेआर के क्रिकेटर की पत्नी और प्रिया दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ी हैं। प्रिया सरोज ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए एलएलबी किया है। पढ़ाई के दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी।

### क्रिकेटर रिंकू के घर को प्रिया ने ही फाइनल किया था

रिंकू के अलीगढ़ स्थित बंगले को प्रिया ने फाइनल ही किया। अप्रैल, 2024 में प्रिया रिंकू घर के पहुंची थीं। उन्होंने बंगले का इंटीरियर भी चेंज करवाया था। रिंकू सिंह ने साढ़े तीन करोड़ का यह बंगला खरीदा था। उनके बंगले में 6 बेडरूम है। घर में एक बड़ा मंदिर, स्विमिंग पूल है। यहां उनका वह बैट भी रखा गया है। जिससे उन्होंने 6 छक्के लगाए थे। बता दें रिंकू सिंह का जर्सी नंबर 35 है और उनके घर का नंबर 38 है।

### गौतभ गंभीर-विराट कोहली सगाई में होंगे शामिल

सूत्रों के मुताबिक, सगाई में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़, अभिषेक नायर समेत कई क्रिकेटर शामिल हो सकते हैं। सभी को न्योता भेज दिया गया है।

### सगाई में रिंकू सिंह स्टाइलिश कोट-पैंट पहनेंगे

रिंकू सिंह के परिवार वाले सगाई की तैयारियों में जुटे हैं। दुल्हन के शगुन के लिए जेवर और साड़ियां खरीदी गई हैं। सगाई में रिंकू सिंह स्टाइलिश कोट-पैंट पहनेंगे, जिसे अलीगढ़ के सेंटर पॉइंट स्थित एक नामचीन दर्जी ने सिला है। सगाई से पहले शनिवार को रिंकू सिंह कैंची धाम में आशीर्वाद लेने भी गए हैं।

### कौन हैं प्रिया सरोज?

प्रिया सरोज वाराणसी जनपद के पिंडरा तहसील के करखियांव की रहने वाली हैं। उनका जन्म 23 नवंबर 1998 को हुआ था। 18 वर्ष की उम्र पार करते ही सपा की न केवल सक्रिय सदस्यता ले ली थी, बल्कि पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में भी सक्रिय भागीदारी निभाती हैं। महज 25 साल की आयु में वह भाजपा के बीपी सरोज को हराकर लोकसभा तक पहुंचने में सफल रहीं।

# प्रो कबड्डी का सबसे बड़ा रेडर रहा अनसोल्ड, नवीन कुमार ने छोड़ा दिल्ली का साथ, मनिंदर सिंह भी सस्ते में बिके

नई दिल्ली।

मोहम्मदरेजा शादलू चियानेह ने प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में एक और कीर्तिमान रच दिया है। वह लगातार तीसरे सीजन में 2 करोड़ रुपये से अधिक की बोली हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। सीजन 11 के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर को पीकेएल 12 प्लेयर ऑक्शन की पहली ही बोली में गुजरात जायंट्स ने 2.23 करोड़ रुपए की भारी-भरकम कीमत पर खरीदकर सबको चौंका दिया। यह प्रो कबड्डी इतिहास की चौथी सबसे बड़ी बोली है। शादलू के साथ-साथ, सीजन 11 के सर्वश्रेष्ठ रेडर रहे देवांक दलाल ने भी 2 करोड़ रुपए की सीमा पार की। पटना पाइरेट्स को पिछले सीजन फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले देवांक को बंगाल वॉरियर्स ने 2.205 करोड़ रुपए में खरीदा, जिससे वह पीकेएल इतिहास के पांचवें सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। पीकेएल 12 के इस ऑक्शन में कैटेगरी ए के तहत नए 'फाइनल बिड मैच' नियम को पहली बार लागू किया गया, जो टीमों को अपने



रिलीज किए गए खिलाड़ियों को अंतिम बोली की राशि चुकाकर दोबारा साइन करने की अनुमति देता है (एक या दो सीजन के लिए)। इस नियम का उपयोग करते हुए, दबंग दिल्ली केसी ने अपने स्टार रेडर आशु मलिक को 1.90 करोड़ में दो सीजन के लिए फिर से टीम में शामिल किया। वहीं पटना पाइरेट्स ने दीपक राजेंद्र सिंह को 86 लाख में दो सीजन के एफबीएम के तहत रिटेन किया। कैटेगरी ए में कुल पांच खिलाड़ियों ने 1 करोड़ रुपये से अधिक की बोली हासिल की, जो यह दर्शाता है कि लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की कितनी अधिक मांग है। मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के चेयरमैन अनुपम गोस्वामी ने कहा, पीकेएल 12 के कैटेगरी ए ऑक्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अच्छे परफॉरमेंस का मूल्य सबसे ऊपर होता है। शादलू और देवांक को 2 करोड़ से अधिक की बोली मिलना इसका प्रमाण है। पांच खिलाड़ियों ने करोड़ रुपये की सीमा पार की, और एफ़बीएम नियम का सफल प्रयोग भी देखने को मिला। इससे यह साफ है कि टीमें आगामी सीजन के लिए रणनीतिक रूप से मजबूत स्क्वॉड बना रही हैं और कबड्डी का रोमांच फिर चरम पर होगा।

**नवीन पहुंचे हरियाणा, परदीप रहे अनसोल्ड :** 2018 से लगातार दबंद दिल्ली के लिए खेलने वाले नवीन कुमार को फ्रेंचाइजी ने ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया था। उन्हें हरियाणा स्टीलर्स ने ऑक्शन में 1.2 करोड़ रुपए में खरीदा। बंगाल वॉरियर्स के मनिंदर सिंह सिर्फ 20 लाख रुपए में पटना पायरेट्स में बिके। इसके बाद सबसे हैरान करने वाली घटना देखने को मिली, जहां प्रो कबड्डी इतिहास के सबसे बड़े रेडर परदीप नरवाल को अनसोल्ड जाना पड़ा। वहीं पीकेएल ऑक्शन 2024 के सबसे मंहगे खिलाड़ी सचिन तंवर ने तमिल थलाइवाज का साथ छोड़ पुनेरी पलटन का दामन थाम लिया है।

# इंग्लैंड को तगड़ा झटका, सीरीज से पहले ही फ्रैक्चर के चलते टीम से बाहर हुए ऑलराउंडर जेमी ओवरटन

नई दिल्ली।

टीम इंडिया इसी महीने इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली है। जहां भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। लेकिन उससे पहले वेस्टइंडीज का इंग्लैंड दौरा चल रहा है। जहां दोनों के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड ने जीत दर्ज करते हुए 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में इंग्लैंड के एक स्टार ऑलराउंडर को उंगली में चोट लग गई थी, जिसके चलते अब वह पूरी सीरीज से ही बाहर हो गया है। आईसीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई है।

**इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने दिया अपडेट :** इंग्लैंड के स्टार पेस ऑलराउंडर जेमी ओवरटन वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी वनडे और टी20 इंटरनेशनल सीरीज से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि ओवरटन के दाएं



हाथ की छोटी उंगली में फ्रैक्चर है। ओवरटन की चोट पर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपडेट देते हुए कहा है कि अब वह इंग्लैंड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैब की अवधि से गुजरेंगे।

**पिछले वनडे में दिया सर्वश्रेष्ठ :** ओवरटन को एजबेस्टन में इंग्लैंड की पहली वनडे जीत के दौरान चोट लगी थी। वेस्टइंडीज की पारी के दौरान तीन विकेट लेने से पहले ओवरटन ने बल्ले से एक रन बनाया था। अपने करियर का छठा वनडे खेल रहे ओवरटन ने 3/22 का प्रदर्शन किया, जो इस फॉर्मेट में अब तक का उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इंग्लैंड ने 27वें ओवर में 238 रन से मैच जीतने से पहले आठ विकेट पर 400 रन का स्कोर बनाया था। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वनडे टीम में उनकी जगह कोई और खिलाड़ी नहीं जोड़ा जाएगा।

# जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

## वर्ल्ड नंबर-1 सिनर भी जीते, ज्वेरेव ने फ्लावियो को सीधे सेटों में हराया

नई दिल्ली।

वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के मेंस सिंगल्स चौथे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं, जर्मनी के टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चौथे दौर में जगह बना ली है। जोकोविच ने खेले गए तीसरे दौर में ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी फिलिप मिजोलिक को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। सर्बिया के जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। अब, 38 साल के जोकोविच का लक्ष्य अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतकर इतिहास रचना है। उनका अगला मुकाबला ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरन नॉरी से होगा।

**सिनर की किसी ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वीं जीत :** सिनर ने तीसरे दौर में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को 1 घंटे 45 मिनट में 6-0, 6-1, 6-2 से हराया। सिनर की यह किसी भी ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वीं जीत है। यह टूर्नामेंट सिनर के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनकी तीन महीने की डोपिंग प्रतिबंध के बाद दूसरी प्रतियोगिता है। इससे पहले, उन्होंने इटालियन ओपन के फाइनल में पहुंचकर वापसी की थी।

**ज्वेरेव लगातार 8वीं बार अंतिम-16 में :** जर्मनी के टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने इटली के फ्लावियो कोबोली को सीधे सेटों में 6-2, 7-6, 6-1 से हराया। यह लगातार आठवां साल है जब ज्वेरेव फ्रेंच ओपन के अंतिम-16 में पहुंचे हैं । अब ज्वेरेव का सामना चौथे दौर में डच खिलाड़ी टैलोन ग्रीक्सपूर से होगा। पिछले साल के




फाइनलिस्ट ज्वेरेव का लक्ष्य इस बार अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतना है। डिफेंडिंग चैंपियन मेंस सिंगल्स चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को तीसरे राउंड में बोस्निया के दामिर दजुमहुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 3 घंटे 14 मिनट तक चला। इसमें अल्काराज ने शुरुआती दो सेट में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन तीसरे सेट में दजुमहुर की वापसी ने मैच को रोमांचक बना दिया।

# पेरिस सेंट-जर्मेन ने पहली बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीता

## इंटर मिलान को 5-0 से हराया, कोच लुइस एनरिक ने जीत बेटी को समर्पित की

नई दिल्ली।

पेरिस सेंट-जर्मेन (पेरिस सेंट-जर्मेन) ने म्यूनिख के एलियांज एरिना में इंटर मिलान को हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने इंटर मिलान को 5-0 से हराकर इतिहास रच दिया, यह चैंपियंस लीग फाइनल में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पेरिस सेंट-जर्मेन ने पहली बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीता है। युवा खिलाड़ी देजिरे डूए ने दो गोल (20वें और 63वें मिनट) किए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। उनके अलावा अशरफ हकीमी, ख्विचा और सेनी मायुलु ने भी गोल किए। पेरिस सेंट-जर्मेन के मैनेजर लुइस एनरिक ने क्लब की पहली यूईएफए चैंपियंस लीग जीत को अपनी दिवंगत बेटी जाना को समर्पित किया। उनकी बेटी जाना का 2019 में 9 साल की उम्र में बोन कैंसर से निधन हो गया था। उन्होंने कहा, मेरी बेटी जाना हमेशा मेरे दिल में है, और वह इस



जीत के हर पल में मेरे साथ थी। वह जीत और हार दोनों में मेरे साथ है।

**पेरिस सेंट-जर्मेन ट्रेबल जीतने वाली पहली फ्रेंच टीम बनी :** पेरिस सेंट-जर्मेन ने चैंपियंस लीग खिताब के साथ ट्रेबल भी जीत लिया है। टीम ने इस सीजन चैंपियंस लीग के अलावा लीग 1 और फ्रेंच कप जीता है। जो टीमें एक सीजन में अपनी लीग, कप और चैंपियंस लीग मिलाकर तीन मेजर ट्रॉफी जीतती हैं उससे ट्रेबल कहते हैं। वहीं यह उपलब्धि 15 बार यूईएफए चैंपियंस लीग जीतने वाली स्पेनिश टीम रियल मैड्रिड भी हासिल नहीं कर सकी है। हालांकि स्पेनिश टीम बार्सिलोना ने 2 बार यह कारनामा किया है। अब तक यूरोप की 9 टीमों ने ट्रेबल जीत चुकी है। मैनचेस्टर सिटी ट्रेबल जीतने वाली नौवीं टीम है।

### रियल मैड्रिड लीग की सबसे सफल टीम

रियल मैड्रिड लीग की सबसे सफल टीम है। उसने अब तक 15 बार खिताब अपने नाम किया है, जबकि 4 बार उपविजेता रही है। एसीमिलान इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। उसने सात बार टाइटल जीता है। वहीं लिवरपूल और बायर्न म्यूनिख ने 6-6 बार खिताब अपने नाम किया है।

### 1955-56 से खेली जा रही है यूईएफए चैंपियंस लीग

दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल लीग 'चैंपियंस लीग' का यह 33वां सीजन है। लीग की शुरुआत 1955-56 में हुई थी। तब यूरोपियन यूनियन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (यूईएफए) द्वारा आयोजित लीग का नाम यूरोपियन चैंपियंस कप था। 1992 में नाम बदलकर यूईएफए चैंपियंस लीग कर दिया गया। इस सीजन में इसमें 36 टीमें हिस्सा ली थी।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# हिरणों के शव डीप-फ्रिज में रखकर धरने पर ग्रामीण

## 3 दिन पहले कट्टों में ठूंसे हुए मिले थे, होटल में सप्लाई का आरोप; 16 डिटेन किए

बढ़ता राजस्थान

बाड़मेर। हिरणों के शव को डीप-फ्रिज में रखकर ग्रामीण 3 दिन से धरने पर बैठे हैं। आरोप है कि शिकारी दर्जनों हिरणों का शिकार कर कट्टों में भरकर ले गए हैं। वहीं 1 हिरण कट्टे में नहीं आया तो उसे वहीं फेंक दिया। जबकि एक कट्टे में हिरणों के बच्चे बुरी तरह ठूंसे हुए मिले। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में गैंग एक्टिव है जो हिरणों का शिकार कर उन्हें होटलों में सप्लाई कर रही है। पुलिस ने मामले में 16 लोगों को डिटेन किया है, जिनसे पूछताछ जारी है। मामला बाड़मेर के चौहटन उपखंड के चौहटन आगोर गांव का है।

### 3 पॉइंट्स में मामले से जुड़ी पूरी जानकारी पढ़िए

**1. कट्टे में ठूंसे हुए थे हिरण के बच्चे**-वन्य जीव प्रेमी प्रकाश ने बताया- शुक्रवार की सुबह 10 बजे खेत में काम करने वाले एक किसान ने पुलिया के नीचे कट्टा देखा था। बंधे हुए कट्टे को देख कर जब उसने जांच की तो इसमें से बदबू आ रही थी। खोला तो 2 हिरण के बच्चे बुरी तरह ठूस कर अंदर बंद किए हुए थे। किसान ने पास ही में चल रहे एक सामाजिक कार्यक्रम में लोगों को इसके बारे में बताया। इसी दौरान यहां पास में ही एक और बड़े हिरण का शव मिला।

**2. पहले लगा एक्सीडेंट हुआ है**-वन्य जीव प्रेमी प्रकाश ने बताया- पहले तो लगा कि कार से एक्सीडेंट में हिरण की मौत हुई है। लेकिन, जब दोनों ही मामले सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे तो पता चला की इलाके में कोई गैंग एक्टिव है जो हिरणों का शिकार कर उन्हें होटलों में सप्लाई कर रही है। इसके बाद वन्य जीव दया संघर्ष समिति के जगदीश ढाका ने चौहटन थाने में शिकार का मामला दर्ज कराया। इसके बाद हमने हिरणों के शवों को डीप-फ्रिज में रखा और प्रदर्शन शुरू किया। पिछले 3 दिन से प्रदर्शन जारी है और हमारी मांग है कि शिकारियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

**3. प्रशासन समझाइश में जुटा, 16 डिटेन किए**-डीएफओ सविता दहिया, एसडीएम कुसुमलता चौहान, एएसपी नितेश आर्य ने धरना स्थल पर पहुंचकर वन्यजीव प्रेमियों से वार्ता की। तीन दिन में खुलासा करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद लोगों ने आंशिक रूप से धरना जारी रखने पर सहमति जताई, लेकिन तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

# शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप

### 2024 के छात्र विद्रोह में भूमिका के लिए बांग्लादेश में मुकदमा शुरू

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के अभियोजकों ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर 2024 के छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के दौरान हिंसक कार्रवाई में उनकी कथित भूमिका के लिए मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगाया है। इसी विद्रोह के कारण अंततः उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। यह 77 वर्षीय नेता के मुकदमे की औपचारिक शुरुआत है, जो फिलहाल भारत में स्व-निर्वासन में रह रही हैं। अभियोजकों के अनुसार, एक जांच रिपोर्ट से पता चला है कि हसीना ने राज्य सुरक्षा बलों, अपने राजनीतिक दल और उनसे जुड़े समूहों को सीधे आदेश दिए थे। इन आदेशों के कारण ऐसे अभियान चलाए गए जिनमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए या घायल हुए। उन पर जुलाई के विद्रोह के दौरान सामूहिक हत्या को रोकने में विफलता, उकसाने, मिलीभगत, सुविधा प्रदान करने, साजिश रचने और विफल रहने का आरोप है।

### अभियोजकों ने बताया समन्वित हमला

बांग्लादेश के घरेलू अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने रविवार को एक टेलीविज़न सुनवाई के दौरान वीडियो साक्ष्य और विभिन्न एजेंसियों के बीच एन्क्रिप्टेड संचार का हवाला देते हुए कहा, ये हत्याएँ योजनाबद्ध थीं। समाचार एजेंसी एएफपी ने मुख्य अभियोजक के हवाले से बताया कि, सबूतों की जांच करने के बाद, हम इस नतीजे पर पहुंचे कि यह एक समन्वित, व्यापक और व्यवस्थित हमला था। आरोपी (शेख हसीना) ने विद्रोह को कुचलने के लिए सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अपने सशस्त्र दल के सदस्यों को तैनात कर दिया था।

### पूर्व गृह मंत्री और पुलिस प्रमुख भी सह-आरोपी

अभियोजकों ने आगे आरोप लगाया कि सरकार की प्रमुख होने के नाते, हसीना अशांति के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाइयों की कमान संभाल रही थीं। हसीना के साथ, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को भी अदालत में दायर शिकायत में सह-आरोपी बनाया गया है।



# पूर्वोत्तर में मॉनसून का कहर, अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों

## राज्यपाल से की बात, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर भारत में मॉनसून की भारी बारिश ने कहर बरपाया है, जिससे कई राज्यों में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। सिक्किम में हजारों पर्यटकों के फंसे होने की भी खबरें हैं, जिससे स्थिति और भी बदतर हो गई है। इस गंभीर स्थिति के मद्देनजर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ मणिपुर के राज्यपाल से फोन पर बात की। शाह ने उन्हें भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# मदन राठौड़ बोले-डोटासरा-जूली एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे

## सरकार में उनकी ज्यादा चल रही है तो खुश होना चाहिए, कांग्रेस संविधान की हत्यारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस के सवालों पर पलटवार करते हुए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि हमारे यहां कोई अंतर्कलह नहीं है। पता नहीं ये लोग कहां से कोई विषय लाते हैं। ये लोग हमारे यहां अंतर्कलह ढूंढ रहे हैं, अपना घर संभाल लें।

ये लोग आपस में लड़ रहे हैं। डोटासरा, टीकाराम जूली को नीचा दिखाना चाहते हैं। जूली साहब, डोटासरा को नीचा दिखाना चाहते हैं। गोविंद सिंह डोटासरा ने तो सदन में ऐसा व्यवहार किया है कि वह शर्म के चलते विधानसभा नहीं जा रहे हैं।

कांग्रेस अपना घर संभाले, उसके बाद दूसरों की बात करें। हमारे यहां सब कुछ व्यवस्थित चल रहा है। सारे काम ढ़ंग से हो रहे हैं। हमारे काम की प्रशंसा हमारे नेतृत्व ने भी की है।

### सरकार में उनकी चल रही है तो खुश होना चाहिए

मदन राठौड़ ने डोटासरा के उस बयान पर भी पलटवार किया। जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार में मंत्रियों से ज्यादा तो हमारी चल रही हैं। राठौड़ ने कहा कि उनकी ज्यादा चल रही है तो उनको खुश होना चाहिए कि हमारे यहां कितनी पारदर्शिता हैं।

उन्होंने कहा- हमने तय कर रखा है कि प्रदेश का विकास होना चाहिए। लेकिन केवल मेरे कहने से ही नहीं, सबके कहने से विकास के काम होने चाहिए। हमने अधिकारियों को साफ निर्देश दे रखे हैं कि अच्छे काम हो, जनहित के काम हो। वह होने चाहिए, इसके लिए तो उनको हमें धन्यवाद देना चाहिए।

### ट्रंप ने कोई पंचायती नहीं की



सीजफायर के सवाल पर विपक्ष के आरोपों को लेकर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- ट्रंप ने भी बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि मेरी कोई मध्यस्थता नहीं है। मैने कोई सुझाव नहीं दिया, मेरी कोई पंचायती नहीं है।

दूसरी बात हमारे नेतृत्व ने भी बहुत क्लियर किया है कि हमें किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं हैं, न ही किसी ने ऐसा किया। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने माफी मांगी। गिड़गिड़ा कर कहा कि हम आपकी शर्तों पर युद्ध रोकना चाहते हैं। बीकानेर से प्रधानमंत्री ने खुल्लम-खुल्ला पाकिस्तान को चुनौती दी थी। जिसे पाकिस्तान की जनता ने भी सुना। इससे ज्यादा स्पष्ट रूप से क्या कहे। विपक्ष संसद सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। अरे संसद सत्र तो आएगा ही। थोड़ा धैर्य रखो, तब तक मुद्दे एकत्रित करके रखो, उन्हें सदन में रखना। हर मौके पर संसद सत्र बुलाने की मांग रखना। इनके पास कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने देश में संविधान की हत्या की है। एक बार नहीं कई मौके पर उन्होंने ऐसा किया है। हमारी चुनी हुई सरकारों को उन्होंने गिराया। देश में आपातकाल लगाया। भारत माता की जय बोलने पर लोगों को गिरफ्तार किया। आज यह हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं।

# कर्ज वसूली में चीन सबसे बड़ा देश

## बीआरआई के कर्ज जाल में 150 देश; गरीब देशों पर 94 लाख करोड़ बकाया

बढ़ता राजस्थान

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन दुनिया में सबसे बड़ा ऋण वसूलने वाला देश बन गया है। ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट के मुताबिक 2025 में विकासशील देशों से चीन रिकॉर्ड 3 लाख करोड़ रु. वसूलेगा। 1.9 लाख करोड़ तो 75 सबसे गरीब देश देंगे। विकासशील देशों पर चीन के कुल 94 लाख करोड़ रु. बकाया हैं। ये कर्ज एक दशक पहले बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत दिए थे। चीनी दबाव के चलते इन देशों में स्वास्थ्य और शिक्षा बजट पर खतरा मंडरा रहा है। 46 गरीब देशों ने 2023 में अपने टैक्स का 20% हिस्सा कर्ज चुकाने पर खर्च किया। विकासशील देश चीन को कर्ज अदायगी और ब्याज भुगतान की लहर से जूझ रहे हैं।

**42 देश अपनी जीडीपी से 10% ज्यादा चीनी कर्ज से दबे हुए हैं**-चीन की आक्रामक कर्ज रणनीति बीआरआई से शुरू हुई। 2013 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसे लाए। 150 देश इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। ये देश वैश्विक जीडीपी का 40% हिस्सा हैं। 42 देशों पर चीनी कर्ज का बोझ उनकी जीडीपी के 10% से अधिक है। 2017 में चीन विश्व बैंक व आईएमएफ को पीछे छोड़ दुनिया का सबसे बड़ा ऋणदाता बना। 80% सरकारी कर्ज विकासशील विकासशील देशों को गए। 55% कर्ज रि पेमेंट चरण में। 2030 तक 75% होंगे।

**टॉप-10 में दो देश कर्ज चुकाने में नाकाम रहे, 8 पर भी जोखिम मंडरा रहा**-2022 तक 60% चीनी कर्ज वित्तीय संकट वाले देशों को गया। 2010 में यह आंकड़ा 5% था। ब्याज 4.2% से 6% तक है। जबकि, ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट की दर 1.1% है।

# शिक्षा विभाग में खाली पदों को भरने की तैयारी:सचिव बोले-विभागीय प्रमोशन के बाद 20 हजार पदों पर क्रिएट होगी वैकेंसी

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार शिक्षा विभाग में रिक्त चल रहे पदों को भरने के लिए शिक्षकों के प्रमोशन के साथ ही बंपर भर्ती निकलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार न सिर्फ प्रदेशभर में सालों से लंबित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की प्रक्रिया को पूरा करने में जुटी है। वहीं, 2026 तक रिटायर्ड होने वाले पदों पर भी भर्ती करने की तैयारी कर रही है।

शिक्षा विभाग के सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया है कि शिक्षा विभाग में काफी पद खाली हैं। इसके साथ ही डीपीसी भी लंबित चल रही है। सरकार द्वारा इन दोनों मुद्दों पर भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए जा रहे है। सरकार ने बीते डेढ़ साल में 28 हजार नियुक्तियां दी हैं। 21 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। जो भर्तियां पाइप लाइन में हैं, उनमें मुख्यमंत्री ने 2027 तक रिक्त होने वाले पदों को ध्यान में रखते हुए 50% पद जोड़ने की अनुमति दी है।

कृष्ण कुणाल ने कहा कि भर्ती एक लंबी प्रक्रिया है। अगर आज कोई भर्ती शुरू होती है तो 1 साल बाद रिजल्ट आता है। ऐसे में 31 मार्च 2026 के हिसाब से रिजल्ट आते - आते 2027 हो जाएगा। इसलिए शिक्षा विभाग कि भर्तियों में एडवांस 50% पद जोड़े जा रहे हैं। इसका इम्पैक्ट ग्रेड थर्ड टीचर पर भी आएगा।

### 20 हजार वैकेंसी होगी क्रिएट

कृष्ण कुणाल ने बताया- आखरी बार स्टाफिंग पैटर्न 2014 में हुआ था। इसलिए इस बार स्टाफिंग पैटर्न कर रहे हैं। स्टाफिंग पैटर्न के बाद नए-नए कैडर क्रिएट हो गए हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार वैकेंसी तैयार की जा रही है। ऐसे में सफिशिएंट वैकेंसी हो जाएंगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# भारत ने आतंक के खिलाफ नयी लक्ष्मण रेखा खींची, उम्मीद है कि शत्रु को सबक मिला होगा : सीडीएस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये आतंकवाद के खिलाफ एक नयी लक्ष्मण रेखा खींची है और उम्मीद है कि इस सैन्य कार्रवाई से हमारे शत्रु को कुछ सबक मिला होगा। यहां 'शांगरी-ला डायलॉग' से जुड़े कार्यक्रम के दौरान, हालिया ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान संबंधों में रणनीतिक स्थिरता से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीडीएस ने कहा कि ताली दोनों हाथों से बजती है, उम्मीद है कि वे इसे समझेंगे।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद, सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमले किए गए थे।

वहीं, पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए थे। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष ने परमाणु हथियारों से लैस दोनों पड़ोसी देशों को एक व्यापक संघर्ष के कगार पर ला खड़ा किया था।



हालांकि, संघर्ष विराम के लिए सहमति बनने के बाद 10 मई को हमले रोक दिए गए थे। दोनों देशों के बीच टकराव से मिली सीख के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन के दौरान दूसरे देशों की स्वदेशी प्रणालियों और प्लेटफार्मों का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, हम 300 किलोमीटर तक की हवाई सुरक्षा को सटीकता के साथ भेदने में सक्षम थे।

जनरल चौहान और विभिन्न देशों के कई अन्य रक्षा प्रमुखों या प्रतिनिधियों ने एशिया के एक प्रमुख शिखर सम्मेलन शांगरी-ला डायलॉग के एक भाग के रूप में आयोजित भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार संसाधान विषय पर सेमिनार के दौरान संबोधन दिया। बाद में उन्होंने सेमिनार के दौरान कई सवालों के जवाब दिए, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर और इसके निहितार्थ से जुड़े सवाल भी शामिल थे। जनरल चौहान ने कहा, भारत ने जो किया है, राजनीतिक रूप से उसने आतंकवाद के खिलाफ नयी लक्ष्मण रेखा खींच दी है और मुझे उम्मीद है कि इस विशेष ऑपरेशन से हमारे शत्रु को भी कुछ सबक मिलेगा और उन्हें समझ में आ गया होगा कि यह भारत की सहनशीलता की सीमा है। सीडीएस ने कहा, "हम रक्षा खरीद प्रक्रियाओं को सरल बना रहे हैं ताकि हम भविष्य की प्रणालियों के बजाय भविष्य की तकनीक के साथ मौजूदा समय का युद्ध लड़ सकें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)